सभी देशवासियों को छोटी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। बुधवार 30 अक्टूबर-2024 | वर्ष : 9 अंक : 308 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3

# गाजियाबाद कोर्ट रूम में चली कुर्सियां और लाठियां
## जिला जज से हुआ वकीलों का विवाद, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

### लाठीचार्ज और वकीलों के विरोध में कई पुलिसकर्मी और अधिवक्ता हुए घायल

### बार काउंसिल की टीम करेगी पूरे मामले की जांच





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को गाजियाबाद कचहरी में वकीलों और जिला जज के बीच हुई झड़प और जजों-वकीलों की कहासुनी के बाद मामला इतना बिगड़ गया कि पुलिस को हालत कंट्रोल करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस के लाठीचार्ज में कई अधिवक्ता घायल हुए हैं। तो वही इस विरोध के दौरान कई पुलिस कर्मियों को भी चोटें आई हैं। इस पूरे मामले में पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया, तो अधिववक्ता भी विरोध में उतर आए और उन्होंने चार नवंबर से कोर्ट परिसर में अनिश्चित कालीन धरने की घोषणा कर दी है। उधर वकीलों का कहना है कि जिला जज की शिकायत हाई कोर्ट से करेंगे और बार काउंसिल को पूरे मामले की जांच के लिए गाजियाबाद बुलाया गया है।

बता दें कि मंगलवार को जिला जज अनिल कुमार की कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व बार अध्यक्ष नाहर सिंह यादव और जिला जज में हुई नोकझोंक और लाठीचार्ज के बाद वकीलों में नाराजगी है। बार सभागार में वकीलों ने बैठक कर जिला जज का बायकाट करने का निर्णय लिया है। उधर इस मामले में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में मुकदमा लिख लिया है।

वहीं सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। एक मुकदमा पुलिस ने दर्ज कराया है। जिसमें पुलिसकर्मियों पर हमला, सरकारी काम में बाधा डालने और तोड़फोड़ का है।

तो वहीं दूसरा मुकदमा जिला जज के स्टाफ की ओर से अधिवक्ताओं पर कराया गया है।

### कोर्ट रूम में चली कुर्सियां और लाठी

करंट क्राइम : सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हों रही हैं। जिसमें जिला जज के कोर्ट में नोंकझोंक और लाठीचार्ज के बाद कचहरी का माहौल खराब हो गया। पुलिस कचहरी चौकी में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ कर दी, आगजनी की तो मौके पर पुलिस वाले भी इस दौरान वहां से भाग खड़े हुए। वहीं कोर्ट द्वार पर भी तोड़ दिए गए हैं। मेटल डिटेक्टर तोड़े जाने की भी सूचना है। कई अधिवक्ता और पुलिसकर्मी घायल हुए है। घायल अधिवक्ता अभिषेक यादव का कहना है की धोखाधड़ी के मुकदमें जिला जज अनिल कुमार के यहां सुनवाई थी, जिस दौरान यह पूरा घटनाक्रम हुआ है। आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर अधिवक्ताओं ने कचहरी की पुलिस चौकी को अपने कब्जे में ले लिया था।

### कहासुनी से शुरू हुआ विवाद, लाठीचार्ज तक पहुंचा

करंट क्राइम : गाजियाबाद जिला कोर्ट में मंगलवार को भारी बवाल मच गया। कोर्ट में पुलिस ने वकीलों पर लाठीचार्ज कर दिया। कई वकील घायल हो गए हैं। पूरा मामला जिला जज और पूर्व बार अध्यक्ष की कहासुनी से शुरू हुआ था। कोर्ट रूम में इसके बाद एक जमानत अजी ट्रांसफर कराने की मांग पर जिला जज अनिल कुमार और नाहर सिंह के बीच बहस शुरू हो गई। जिसके बाद जिला जज डायस से नीचे आ गए और कहासुनी के बाद जिला जज से बहस चालू हो गई। इसका भी आरोप लगा है। इस दौरान भारी हंगामे के बीच कोर्ट रूम में पुलिस को आना पड़ा और पुलिस ने हंगामा कर रहे वकीलों को खदेड़ा और लाठीचार्ज कर दिया।

### 4 नवंबर से भूख हड़ताल करेंगे नाहर सिंह यादव



करंट क्राइम : इस मामले में पूर्व बार अध्यक्ष और वरिष्ठिवक्ता नाहर सिंह यादव का कहना है कि जिस तरीके का घटनाक्रम मंगलवार को हुआ है, गाजियाबाद में ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा है 4 नवंबर से इस मामले को लेकर वह भूख हड़ताल करेंगे। बार काउंसिल को पूरे मामले की शिकायत की गई है। बार काउंसलिंग की टीम यहां जांच करने के लिए भी आएगी।

### गाजियाबाद कचहरी में हो सकती है लंबी हड़ताल



करंट क्राइम : उधर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को हुई पुलिस की कार्रवाई को लेकर विरोध शुरु कर दिया है। पश्चिम उत्तर प्रदेश अधिवक्ता एसोसिएशन इस घटना पर नाराजगी व्यक्त कर चुकी है। मेरठ अलीगढ़ में प्रदर्शन हुए हैं। इसके साथ ही लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के विरुद्धात्मक कार्रवाई की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो पुलिस-प्रशासन के विरुद्ध प्रखर आंदोलन किया जाएगा। इस बीच बार गाजियाबाद ने एक बैठक भी बुलाई है। जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उधर गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा का कहना है कि इस पूरे मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने जो रणनीति तैयार की है, बार उसके साथ चलेगी।

### काफी देर तक अधिकारी करते रहे दोनों पक्षों को समझने का प्रयास

करंट क्राइम : सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर स्थिति को कंट्रोल करने के लिए खुद



डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। दोनों पक्षों से बातचीत भी चल रही थी, इसी बीच माहौल बिगड़ गया था। हालांकि अधिकारियों ने शुरूआत में धैर्य नहीं खोया लेकिन बाद में हालत बेकाबू हो गए थे।

### हंगामा के बाद पीएसी और सीआईएसएफ के हवाले रही कचहरी

करंट क्राइम : करीब 12 बजे के आसपास गाजियाबाद कचहरी में जिला जज के रूम में हुए घटनाक्रम के बाद आनन-फानन में कई थानाक्षेत्रों की पुलिस फोर्स, पीएसी और सीआईएसएफ के जवानों को कचहरी बुला लिया गया था। सुरक्षा बलों ने वहां पहुंचते ही पहले फ्लैग मार्च निकाला और फिर वहां की स्थिति को कंट्रोल करने का काम किया। अब चार दिनों तक कचहरी में छुट्टी है। देखना होगा 4 नवंबर सोमवार से कचहरी के क्या हालात बनते हैं।

### तीन अधिवक्ताओं पर नामजद, सहित 50 अज्ञात पर मुकदमा

करंट क्राइम : गाजियाबाद कोर्ट परिसर में हुए हंगामे, लाठीचार्ज और तोड़फोड़ प्रदर्शन मारपीट के मामले में नाहर सिंह, अभिषेक यादव, दिनेश यादव सहित 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा कवि नगर पुलिस ने केंद्रीय नजीर जनपद न्यायालय संजीव गुप्ता की शिकायत पर दर्ज किया है। तो वहीं कवि नगर थाना पुलिस ने भी अज्ञात 40 से 50 अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कराया है।





### कांग्रेस ने की घटना की निंदा

करंट क्राइम : मंगलवार को जिला न्यायालय परिषद में जिला जज द्वारा किए गए व्यवहार और पुलिस लाठीचार्ज करने के आदेश के बाद चोटिल अधिवक्ताओं के समर्थन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सामने आ गए। उन्होंने इस घटना की निंदा की है। साथ ही जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी ने कहा है कि गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के साथ जिला कांग्रेस का एक सिपाही साथ खड़ा है। जिस तरीके से पुलिस ने लाठियां बरसाई हैं लगता है कि इसके पीछे मनषा कुछ और रही है। जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं अधिवक्ताओं के साथ दोबारा ना हों।

# गठबंधन प्रत्याशी सिंहराज जाटव ने खोला विजयनगर में अपना मुख्य चुनाव कार्यालय
## आम आदमी पार्टी भी आ गई सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा से गठबंधन प्रत्याशी सिंहराज जाटव ने अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। आरपार की लड़ाई का ऐलान करते हुए लाइनपार में सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी सिंहराज जाटव ने अपने मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन उत्तम हॉस्पिटल के बराबर में विजयनगर में किया गया। इस दौरान उपचुनाव के प्रभारी पूर्व एमएलसी राकेश यादव, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डौली शर्मा, पूर्व विधायक असलम चौधरी, सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव एडवोकेट, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, सुरेश दौसा, धर्मवीर डबास, बाबू सिंह आर्या तथा सपा की सभी प्रकोष्ठों की कमेटियों व आम आदमी पार्टी के जिला तथा नगर पदाधिकारी मौजूद थे।







उद्घाटन के अवसर पर कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए गठबंधन नेताओं ने अपने विचार रखें। गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज जाटव ने कहा कि हमारी जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए वाले नारे को ध्यान में रखते हुए सभी जी जान से चुनावों में जुट जाएं। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डौली शर्मा ने कहा कि जीत सुनिश्चित करने के लिये सभी को चुनाव में मेहनत करनी है। आम आदमी पार्टी के जिला व नगर पदाधिकारियों ने गठबंधन उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इस बैठक के तुरंत बाद सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सिंहराज जाटव क्षेत्र में जनसंपर्क के लिये चले गए। उद्घाटन समारोह में जिला व महानगर अध्यक्ष के अलावा वीरेंद्र यादव, बोबी, संजय बग्गा, उम्मेद पहलवान, चंद्रपाल, सोनू खान, किरण वालिया, कृष्ण यादव, गुलाब यादव, हाजी नूरहसन, दुर्गेश चौधरी व रविंद्र यादव मौजूद थे।

### पूर्व एमएलसी राकेश यादव बनाए गये उपचुनाव के प्रभारी



गाजियाबाद ( करंट क्राइम ) । समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस यहां सपोर्ट कर रही है और सपा ने उम्मीदवार उतारा है। भाजपा ने अपनी चुनाव संचालन समिति मंगलवार को घोषित की और मंगलवार को ही समाजवादी पार्टी ने अपने प्रभारी घोषित किये। नौ सीटों पर उसने प्रभारी घोषित किये, जिसमें पूर्व एमएलसी राकेश यादव को गाजियाबाद का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और अनुराग भदौरिया को भी जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा प्रभारी बनाए जाने का आदेश सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने जारी किया। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के साथ समन्वय स्थापित करने हतु इन सभी पदाधिकारियों की कमेटी गठित की है। जो विधानसभा क्षेत्र में सपा तथा कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियें और कार्यकताओं के साथ सामंजस्य और तालमेल बनाकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करेगी।

### वोटों के गढ़ में सिंहराज की चुनावी हुंकार



गठबंधन इस समय झंझावातों से जूझते हुए अपनी चुनावी रणनीति को धार दे रहा है। सबसे बड़ी बात ये है कि शहर विधानसभा में वोटों का गढ माने जाने वाले लाइन पार इलाके से लाइनपार के ही रहने वाले गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज जाटव ने ललकार दी है। उन्होंने वोटों के गढ़ में अपना चुनाव कार्यालय खोला है। जबकि भाजपा बीच शहर में नवयुग मार्किट में चुनाव कार्यालय खोल चुकी है और शहर विधानसभा में अपना आधार बनाते हुए सिंहराज जाटव ने चुनाव कार्यालय खोला है। ये उनकी चुनावी रणनीति मानी जा रही है। क्योंकि लाइनपार क्षेत्र में लगातार समस्याएं हैं और यहां गठबंधन अपनी चुनावी रणनीति को जनमुद्दों को जोड़कर चल रहा है। गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज ने अपनी चुनावी बैठक में ये दोहराया है कि वो खुद लाइनपार यानी विजयनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने संबोधन में शहर के उपचुनाव में जुट जाने की अपील कार्यकर्ताओं से की। सबसे खास बात ये है कि गठबंधन ने उस लाइनपार में डेरा डाल दिया है जहां सर्वाधिक वोट बताए जाते हैं।

### अतुल गर्ग से अधिक वोट लेना संजीव शर्मा के लिए एक बड़ी चुनौती

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं और उनके इस्तीफा देने के बाद शहर सीट पर उपचुनाव हो रहा है। यहां वैसे तो 56 दावेदार टिकट मांग रहे थे, लेकिन अंतिम तीन में कुछ ने ही जगह बनाई और संजीव शर्मा को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया। सबसे बड़ी बात ये है कि यहां अब संजीव शर्मा के लिये उस विधानसभा में सर्वाधिक वोट हासिल करना बड़ी चुनौती रहेगी, क्योंकि वो अतुल गर्ग की विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं और यहां संजीव शर्मा के लिये बड़ी चुनौती ये रहेगी कि वो अतुल गर्ग से ज्यादा वोट हासिल करें।



#### साधना होगा कई चेहरों को साथ लेकर मतदान का समीकरण

अतुल गर्ग वैसे भी संजीव शर्मा के जन्मदिन पर पिछले साल उन्हें सबसे लोकप्रिय यानि की अब तक के सर्वाधिक लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दे चुके हैं।

सूत्र बताते हैं कि संजीव शर्मा के नाम की पैरवी ही अतुल गर्ग ने की है। संजीव शर्मा के साथ प्लस प्वाइंट ये है कि वो लोकप्रिय हैं। कार्यकताओं के लिए उपलब्ध रहते हैं। मगर यहां अतुल गर्ग और संजीव शर्मा दोनों के लिए एग बड़ी चुनौती ये है कि इस विधानसभा में वो अतुल गर्ग से ज्यादा वोट हासिल करें। संजीव शर्मा को यहां उन गली और मोहल्लों से वोट लेने होंगे जो उपचुनाव में उदासीन रहते हैं। यदि इन गलियों पर फोकस होगा तो यहां एक रिकॉर्ड भी पूरा होगा। इसके लिए संगठन को लगातार प्रयास करने होंगे। पुराने भाजपाइयों को आगे आना होगा। शहर विधानसभा के कुछ एरियों पर फोकस रखना होगा। अब तक का रिकॉर्ड बताता है कि अतुल गर्ग वर्ष 2022 में एक लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीते थे, लेकिन जब लोकसभा चुनाव आया तो यहां अतुल गर्ग इसी विधानसभा में पिछड़ गए थे। पहले के मुकाबले वोट घटे थे। पार्टी के एक बुजुर्ग नेता और एक ऐसे नेता जो कई चुनाव देख चुके हैं वो ये बता रहे थे कि किसी भी हाल में यहां मतदान 25 प्रतिशत से ऊपर नहीं जाएगा।

ये संभावित रूप से कम मतदान भाजपा की टेंशन बढ़ा रहा है। क्योंकि अगर ये वोट निकलेगा तो आधार बनेगा। यहां अतुल गर्ग उनके लिये कुछ कर सकते हैं क्योंकि यहां संजीव को एक बड़े मार्जन वोट की जरूरत होगी। भाजपा के वोटो में मार्जन जरूर देखा जाता है। अशु वर्मा का भी देखा गया था और अतुल गर्ग का भी देखा गया था।

लोग इसकी तुलना करते हैं, पार्टी को भेजते हैं। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव मे और उसके बाद अगले लोकसभा चुनाव में अतुल गर्ग से ज्यादा वोट जनरल वीके सिंह लेकर आए थे। ऐसे में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना और मतदाताओं को किसी भी तरह ईवीएम तक लाना भाजपा के लिए जरूरी है तभी वोट प्रतिशत बढ़ेगा तभी संजीव शर्मा अधिक वोट ले पाएंगे। सूत्र बताते हैं कि कई चेहरे तो ऐसे भी हैं जिन्हें इसी बात को लेकर सपने भी नहीं आ रहे हैं।

# राम की दिवाली में जलेंगे रहमान के दीये



## ग्राहकों-दुकानदारों में जबरदस्त उत्साह

### ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बाजारों में सजावट

लोग अपना घर तो सजा ही रहे हैं, बाजारों में ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए बाजारों को भी खूब सजाया गया है। पूरा बाजार सजावटी लड़ियों से पाट दिया गया है। हर तरफ चमकीले पन्नियों से बनी झालरें, रंगीन और इलेक्ट्रॉनिक लाइटें बाजार को विवाहोत्सव जैसा आकर्षक बना दे रही हैं। लोगों के मन में बाजार को देखकर सकारात्मक सोच का असर पड़ रहा है। बाजार के मंडल पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर सुरक्षा को भी मजबूत करने पर ध्यान दे रहे हैं।

**नई दिल्ली।** धनतेरस और दिवाली का त्योहार पूरे देश में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। महंगाई के बाद भी लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं और अपना घर सजाने और अपने प्रियजनों को उपहार देने के लिए अपनी हैसियत से बढ़कर खर्च कर रहे हैं। भगवान गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, दीयों, सजावटी झालरों, झाड़ू, कपड़े, मिठाईयों, बर्तनों से लेकर गहनों तक की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बाजार में पैर रखना दूभर हो गया है।

दिवाली का त्योहार सनातन धर्म से जुड़ा माना जाता है, लेकिन मुस्लिम समुदाय के लोग भी खूब बढ़चढ़कर दिवाली का त्योहार मना रहे हैं। दीवाली की सजावट की वस्तुओं को बनाने में सबसे अधिक कारीगर मुसलमान समुदाय के लोग ही हैं। यानी 'राम की दीवाली' में 'रहमान के दीये' जल रहे हैं और इसी गंगा-जमुनी तहजीब के साथ पूरे देश में दिवाली-धनतेरस का यह त्योहार खूब हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दिये बेच रहे मोहम्मद शाह ने को बताया कि अभी दिवाली के त्योहारों की शुरूआत ही हुई है, लेकिन अभी से ग्राहक जमकर उनकी दुकान पर आ रहे हैं। खूब बढ़चढ़कर दीपक खरीद रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार दीयों के दाम कुछ अधिक हैं, लेकिन इसके बाद भी ग्राहक जमकर खरीदारी कर रहे हैं। अभी दीवाली का त्योहार तीन दिन है, इसके बाद कुछ लोग देव दीपावली का त्योहार भी मनाते हैं, तब तक दीयों की बिक्री चलती रहेगी।

### खूब जमकर करेंगे खरीदारी

दीये खरीद रही स्मृति ने बताया कि इस बार महंगाई ने कुछ परेशान अवश्य कर रखा है, लेकिन इसके बाद भी दिवाली की खुशी में कोई कमी नहीं है। वे पूरे दिन से जमकर खरीदारी कर रही हैं और पूरा घर सजा चुकी हैं, लेकिन खरीदारी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरे घर को सजाने के साथ-साथ करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों को साथ जमकर दिवाली मनानी है। उनका पूरा परिवार दिवाली की तैयारियों में लगा हुआ है।

बाजार में भीड़ बहुत अधिक है। लोग गहनों, बर्तनों और सजावटी वस्तुओं की खरीद में सबसे ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं। वाहनों के शोरूम पर लोगों की जबरदस्त भीड़ दिखाई दे रही है। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े शोरुम तक में ग्राहकों की भारी भीड़ है। सीटीआई का अनुमान है कि केवल तीन दिन के दिवाली के त्योहार में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने का अनुमान है।

# एलएसी से दोनों देशों के सैनिकों वापसी पूरी

## देपसांग और डेमचोक इलाकों से हटीं सेनाएं

**नई दिल्ली।** रक्षा सूत्रों के अनुसार, पूर्वी लद्दाख सेक्टर के देपसांग और डेमचोक इलाकों में सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। भारत और चीन की सेनाएं एक-दूसरे की तरफ से वहां से अपनी-अपनी जगह खाली करने और बुनियादी ढांचे को हटाने की पुष्टि कर रही हैं। 21 अक्टूबर को, भारत ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त करने के लिए चीन के साथ एक समझौते की घोषणा की, जिससे चार साल से अधिक समय से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया।



### काम सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है- चीनी विदेश मंत्रालय

वहीं कुछ दिन पहले, चीनी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि दोनों देशों के सीमावर्ती सैनिक सीमा मुद्दों पर हुए समझौते के अनुरूप प्रासंगिक काम में लगे हुए हैं। एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि यह काम सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत और चीन ने टकराव वाले बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है, लिन जियान ने कहा, सीमा मुद्दों पर हाल के प्रस्तावों के अनुसार, चीनी और भारतीय सीमावर्ती सैनिक प्रासंगिक कार्य में लगे हुए हैं, जो वर्तमान में सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है।

### मंगलवार तक सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद

रक्षा सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों पहले शुरू की गई भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया देपसांग और डेमचोक में करीब 90 प्रतिशत तक पूरी हो चुकी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया में दोनों पक्षों से बुनियादी ढांचे को हटाना और सैनिकों को वापस बुलाना शामिल है। इस प्रक्रिया के मंगलवार तक पूरी होने की उम्मीद है।

जानकारी के मुताबिक भारतीय सेना का लक्ष्य 29 अक्टूबर तक दोनों क्षेत्रों में डिसइंगेजमेंट को अंतिम रूप देना है, जिसके बाद समन्वित गश्त शुरू होगी। भारत इस लंबे समय से चले आ रहे विवाद को सुलझाने की दिशा में काम कर रहा है ताकि क्षेत्र में चीनी आक्रमण की शुरूआत से पहले अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल हो सके।

## न्यूज डायरी

### बंगाल ने तंबाकू पर प्रतिबंध एक साल के लिए बढ़ाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने तंबाकू या निकोटीन युक्त गुटखा और पान मसाला उत्पादों के निर्माण, भंडारण व बिक्री पर प्रतिबंध को सात नवंबर से एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने जन स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए 24 अक्तूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया। इसके तहत पूरे प्रदेश में किसी भी खाद्य पदार्थ के निर्माण, भंडारण, वितरण या बिक्री पर एक वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंध लगाने का अधिकार है।

### विमान के इंटीरियर बदलने के लिए एअर इंडिया को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया को विमान के आंतरिक सज्जा में बदलाव करने के लिए विमानन नियामक डीजीसीए की मंजूरी मिल गई है। एअर इंडिया ने अपने बेड़े में विमान के अंदरूनी सजावट को बढ़ाने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज से करार किया है। एअर इंडिया के मुताबिक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की तरफ से उसे अपने विमानों के अंदरुनी हिस्सों में इन–हाउस जरूरी बदलाव करने के लिए आवश्यक डिजाइन संगठन अनुमोदन (डीओए) मिल गया है।

### सीएम पटेल ने 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन को हरी झंडी दिखाई

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर अहमदाबाद में 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन को हरी झंडी दिखाई।

### हैदराबाद में दर्दनाक हादसा, पति-पत्नी की मौत

**तेलंगाना।** तेलंगाना में एक इमारत में आग लगने से पति–पत्नी की मौत हो गई। मामला यकतपुरा रेलवे स्टेशन के पास का है। हैदराबाद जिला अग्निशमन अधिकारी श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पूर्वी चंद्र नगर में एक दो मंजिला इमारत में सोमवार देर रात करीब 11 बजे आग लगी। हादसे में पति–पत्नी की मौत हो गई, जबकि एक लड़की घायल हो गई। इमारत की पहली मंजिल, जहां पेस्ट्री पकाई जा रही थी, उसमें आग लगने के कारण बड़ा हादसा हुआ। आग धीरे–धीरे पास में बिक्री के लिए रखे पटाखों और कपास के डिब्बों तक फैल गई। हादसे में मरने वाले लोगों की पहचान उषारानी (50) और उनके पति मोहन लाल (58) के रूप में हुई। 18 वर्षीय श्रुति घायल है, जिसे उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होगा भारतीय सांसदों का अनाधिकारिक प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों का एक 'अनाधिकारिक' प्रतिनिधिमंडल अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भाग लेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, विभिन्न दलों के सांसदों वाला प्रतिनिधिमंडल चार से आठ नवंबर तक संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरे पर रहेगा।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह एक 'अनाधिकारिक' प्रतिनिधिमंडल है और चर्चा या समिति की बैठकों में भाग नहीं लेगा। पिछले साल, तृणमूल कांग्रेस ने वर्ष 2015 से भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल को यूएनजीए में नहीं भेजे जाने का मुद्दा उठाया था। इस प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, द्रमुक के तिरुची शिवा, कांग्रेस के राजीव शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी के संबित पात्रा और सुधांशु त्रिवेदी, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा और तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव सहित कई सांसद प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे।

### सेबी प्रमुख माधवी बुच पर राहुल गांधी के हमले तेज, कहा- देश में 'एकाधिकार बचाओ' सिंडिकेट सक्रिय



**नई दिल्ली।** सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर लगे हितों के टकराव के आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता और राहुल गांधी के हमले लगातार जारी हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के साथ बातचीत का तीसरा वीडियो जारी करते हुए कहा कि देश में ह्यएकाधिकार बचाओ सिंडिकेटह्व सक्रिय है। इस सिंडिकेट के तहत अदाणी समूह, प्रमुख नियामक संस्थाएं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच की खतरनाक सांठगांठ है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अदाणी डिफेंस की वेबसाइट से पता चलता है कि कैसे कंपनी केवल विदेश निर्मित हथियारों की रीब्रांडिंग करके मुनाफा कमाती है, जबकि युवा सैनिकों और उनके परिवारों के प्रशिक्षण, पेंशन और कल्याण के लिए जरूरी राशि को अग्निपथ जैसी योजनाओं के माध्यम से हटा दिया जाता है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता है और हमारे युवाओं के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि माधवी पुरी बुच ने अपनी संपत्ति इंडियाबुल्स समूह से जुड़े एक व्यक्ति से संबंधित कंपनी को किराये पर दे दी, जबकि यह कंपनी सेबी की जांच के दायरे में थी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि बुच प्रेडिबल हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड से भी जुड़ी हुई हैं और इसमें उनकी इक्विटी है। सेबी की पूर्णकालिक सदस्य बनने के बाद भी उनके कंपनी में शेयर थे। पवन खेड़ा ने यह भी कहा कि प्रेडिबल हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने वाली कंपनी जेसेसा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड का नाम पैराडाइज पेपर्स मामले में सामने आया था।

#### मोदी ने नष्ट की सेबी की पवित्रता : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षों से कड़ी मेहनत से बनाई गई सेबी की पवित्रता को नष्ट कर दिया है। इससे करोड़ों छोटे और मध्यम निवेशकों की मेहनत से अर्जित बचत खतरे में पड़ गई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नरेंद्र मोदी अपने द्वारा नियुक्त अध्यक्ष के तहत सेबी में पैदा हुई सड़ांध को छिपा नहीं सकते। लगातार हो रहे खुलासों से उनकी स्थिति अस्थिर हो गई है। आपने सेबी की पवित्रता को नष्ट कर दिया है। इससे करोड़ों छोटे और मझोले निवेशकों की कमाई को खतरे में पड़ गई है। उन्होंने कहा कि यह इस बात को भी उजागर करता है कि आपने अपने प्रिय मित्र अदाणी के लिए एकाधिकार कैसे बनाया। इस सिंडिकेट के हर पहलू की जांच के लिए एक संपूर्ण संसदीय समिति की आवश्यकता है।

# पीएम मोदी ने आयुष्मान भारत योजना के विरोधियों पर साधा निशाना, इन राज्यों के बुजुर्गों से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में कई स्वास्थ्य परियोजनाओं के उद्घाटन को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती होने पर 5 लाख रुपये तक का व्यापक कवरेज प्रदान करना है।



### राज्यें सरकारें नहीं लागू कर रही योजनाएं

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं दिल्ली के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों और पश्चिम बंगाल के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों से क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी सेवा नहीं कर पाऊंगा। मैं उनसे क्षमा मांगता हूं कि मैं आपकी स्थिति जानूंगा, जानकारी लूंगा लेकिन आपकी मदद नहीं कर पाऊंगा और इसका कारण यह है कि दिल्ली की सरकार और पश्चिम बंगाल की सरकार इस आयुष्मान योजना से नहीं जुड़ रही है। दिल्ली और बंगाल के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत का लाभ नहीं मिल पाएगा क्योंकि उनकी सरकारें राजनीतिक कारणों से इसे लागू नहीं कर रही हैं। पीएम ने आगे कहा, अपने राजनीतिक हितों के लिए अपने ही राज्य के बीमार लोगों पर अत्याचार करने की प्रवृत्ति किसी भी मानवीय दृष्टिकोण के खिलाफ है और इसलिए मैं पश्चिम बंगाल के बुजुर्गों से क्षमा मांगता हूं, मैं देश के लोगों की सेवा कर सकता हूं, लेकिन राजनीतिक पेशे की दीवारें मुझे दिल्ली और पश्चिम बंगाल के बुजुर्गों की सेवा करने से रोक रही हैं। बता दें कि दिल्ली और पश्चिम बंगाल उन राज्यों में से हैं जहां केंद्र की आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं हुई है।

### क्या है आयुष्मान भारत योजना?

उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भारत को मेडिकल और वेलनेस टूरिज्म के एक बड़े केंद्र के रूप में देख रही है। बता दें कि आयुष्मान भारत योजना एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य कम आय वाले परिवारों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज तक मुफ्त पहुंच प्रदान करना है। इस योजना को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से 2018 में लॉन्च किया गया था।

# 'लौहपुरुष के योगदान को मिटाने की हुई कोशिश' शाह ने बिना नाम लिए कांग्रेस पर किया करारा वार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता दिवस व सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर आज मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने बिना नाम लिए देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में सरदार वल्लभभाई पटेल के महान योगदान को मिटाने और कमजोर करने का प्रयास किया गया। इतना ही नहीं, उन्हें लंबे समय तक भारत रत्न से वंचित रखा गया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे) ने केवड़िया में पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की और उन्हें उचित सम्मान दिया।

उन्होंने, सरदार पटेल की जयंती से पहले रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह आयोजन आमतौर पर पटेल की जयंती यानी 31 अक्तूबर को किया जाता है, लेकिन इस साल उस दिन दिवाली होने की वजह से इसे दो दिन पहले आयोजित किया गया। आज धनतेरस है और हम इस शुभ अवसर पर दौड़ का आयोजन कर रहे हैं। गृह मंत्री ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि सरकार देश में उनके महान योगदान का सम्मान करने के लिए 2024 से 2026 तक दो साल के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी।

शाह ने कहा कि देश के लोग अब एकजुट हैं और उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा, वर्ष 2047 तक भारत सभी मापदंडों पर दुनिया का अग्रणी देश होगा। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने हर क्षेत्र में सरदार साहब के दृष्टिकोण, विचार व संदेश को मूर्त रूप देने का काम किया। गौरतलब है कि केंद्र की मोदी सरकार 2014 से हर साल 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मना रही है। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्तूबर, 1875 को गुजरात के नाडियाद में हुआ था।

### पटेल की दूरदर्शिता और सूझबूझ से 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ

शाह ने कहा, यह देश के प्रथम गृह मंत्री की दूरदर्शिता तथा सूझबूझ के कारण ही संभव हो सका कि 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ और देश एकीकृत हुआ। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के प्रयासों से ही लक्षद्वीप, जूनागढ़, हैदराबाद और अन्य सभी रियासतों का भारत में विलय हुआ। सरदार पटेल को 1950 में उनके निधन के 41 वर्ष बाद 1991 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान– भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

# एनसीपी शरद गुट ने पांच और उम्मीदवारों के नाम घोषित किए, मोहोल सीट पर बदला प्रत्याशी



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी शरद गुट ने पांच और प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। पार्टी ने सोलापुर जिले के मोहोल विधानसभा सीट पर प्रत्याशी को बदल दिया है। पार्टी ने मोहोल सीट से सिद्धि रमेश कदम की जगह राजू खरे को टिकट दिया है। बताया जाता है कि कदम को टिकट देने का विरोध किया जा रहा था। वहीं पार्टी ने सोलापुर जिले के माढ़ा विधानसभा क्षेत्र से अभिजीत पाटिल और पंढरपुर क्षेत्र से अनिल सावंत को मैदान में उतारा। इसके अलावा मोर्शी विधानसभा सीट से गिरीश कराले और संगीता वाजे मुंबई की मुलुंड सीट से चुनाव लड़ेंगी।

### अब तक 87 प्रत्याशी घोषित

एनसीपी शरद गुट ने अब तक 87 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। पार्टी ने पहली सूची में 45, दूसरी सूची में 22, तीसरी सूची में नौ, चौथी सूची में सात और पांचवी सूची में पांच उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। इसमें एक सीट पर प्रत्याशी को बदला है।

### महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक चरण में होंगे चुनाव

288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को एक ही चरण में होंगे, जबकि विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार की एनसीपी से मिलकर बनी महायुति सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही है, जबकि शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस की विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) इसे सत्ता से बेदखल करने के प्रयास में है।

### 2022 में गिर गई थी एमवीए सरकार

महाराष्ट्र में 25 महीने पहले जून, 2022 में महाविकास अघाड़ी सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ढउढ) के दो–फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 40 विधायक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 18 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है।

# केरल पटाखा विस्फोट

## प्रियंका ने जताई चिंता, कांग्रेस कार्यकताओं से की राहत प्रयासों में शामिल होने की अपील



**नई दिल्ली।** केरल के कासरगोड में दिवाली से ठीक पहले अंजूतामबलम वीरकावु मंदिर में उत्सव के दौरान आतिशबाजी में विस्फोट होने से कम से कम 154 लोग घायल हो गए। इस हादसे पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने चिंता जताई। उन्होंने बताया कि वह मंदिर में पटाखा दुर्घटना की थबर से परेशान हैं। इस हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रियंका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीड़ितों और उनके परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकताओं से राहत प्रयासों में जुटने और समर्थन का आग्रह किया।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कासरगोड में पटाखा विस्फोट से परेशान हूं। इस हादसे में सैंकड़ों लोग घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर रूप से घायल हैं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ है। मैं सभी कांग्रेस कार्यकताओं से आग्रह करती हूं कि वे राहत प्रयास में जुटे और इसका समर्थन करें। घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करती हूं।

### भाजपा नेता ने दी प्रतिक्रिया

कासरगोड पटाखा विस्फोट घटना पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंथनी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद घटना है। 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। केंद्र सरकार स्थिति का जायजा ले रही है। हमारे प्रदेश अध्यक्ष और केरल से हमारे दो केंद्रीय मंत्री स्थिति का जायजा ले रहे हैं। हम पीड़ितों के साथ खड़े हैं। हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। कई सारे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हम राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं कि घायलों को उचित चिकित्सा सुविधाएं मिलें और पर्याप्त मुआवजा दिया जाए।

पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात को कासरगोड जिले के नीलेश्वरम के पास 'अंजूतामबलम वीरकावु मंदिर' में उत्सव के दौरान पटाखा विस्फोट हुआ। जिलाधिकारी ने मंगलवार को कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, सुरक्षा सावधानियों के नियमों का उल्लंघन हुआ है। पटाखा भंडारण की जगह आतिशबाजी की जगह से 100 मीटर दूरी पर थी। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि जब आतिशबाजी हो रही थी तो एक चिंगारी पटाखा भंडारण वाली जगह गिरी और उससे धमाका हो गया। इस हादसे में कई लोग झुलस गए। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मंदिर समिति के आठ सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बिना अनुमति के आतिशबाजी करने और दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन करने के आरोप में मंदिर समिति के सदस्यों के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एफआईआर में कहा गया है कि लापरवाही के कारण आतिशबाजी भंडारण क्षेत्र में आग लग गई।

### प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों को किया संबोधित

प्रियंका गांधी ने हाल ही में अपनी चुनावी पारी का आगाज किया। उन्होंने 23 अक्तूबर को वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। गौरतलब है कि बीते लोकसभा चुनावों में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थी। हालांकि उन्होंने बाद में रायबरेली की सीट अपने पास बरकरार रखी और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। जिसके कारण अब इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

मंगलवार को एक सभा को संबोधित हुए प्रियंका गांधी ने कहा, मेरे भाई की छवि को खराब करने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान में बहुत सारे पैसे और बहुत सारे संसाधन खर्च किए गए। एक समय ऐसा भी था, जब सभी ने उससे मुंह मोड़ लिया था, लेकिन अब सभी उससे बहुत प्यार करते हैं, उसका समर्थन करते हैं। आज जो सब देख रहे हैं, यह आपने पहले देखा है। आपने इस आदमी की लड़ाई को दूसरों से पहले ही पहचान लिया था। वायनाड के लोगों से उसे बहुत प्यार मिला। प्रियंका गांधी ने 23 अक्तूबर को वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया था। इस दौरान उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। यह प्रियंका गांधी का पहला चुनाव है। वायनाड उपचुनाव में प्रियंका गांधी का सामना भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास से होने वाला है। हालांकि, नव्या हरिदास ने पहले ही प्रियंका गंधी को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं।

### पाकिस्तानी महिला पर फर्जी कागजात बनाने का केस




**नई दिल्ली।** भारत में करीब चार दशक से रह रही एक पाकिस्तानी महिला पर यहां रहने के लिए फजीर्वाड़े से आधार, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज बनाने पर जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। जयसिंहपुरा खोर एसएचओ राजेश मीना ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाजिया रियाज 1985 में पाकिस्तान से भारत आई थी। उसने एक भारतीय से शादी की थी। चार बच्चों की मां शाजिया तभी से पति के परिवार के साथ जयसिंहपुरा खोर में रह रही थी। खुफिया सूचनाओं के आधार पर की गई जांच में पाया गया कि उसने फर्जी तरीकों से आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज बनवाए थे। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली। बुधवार 30 अक्टूबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज का चुनाव बन गया है बड़ी चुनौती, बड़े चेहरों के लिए

## अमरपाल शर्मा, डोली शर्मा और विजय चौधरी के सामने हैं वोट हासिल करने की चुनौती



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव शहर में है और यहां एक बार फिर भाजपा के इस दुर्ग में गठबंधन उम्मीदवार ने ताल ठोंक दी है। गठबंधन उम्मीदवार के रूप में सिंहराज जाटव को लाया गया है। ये गठबंधन का टिकट है और बड़ी बात ये है कि सिंहराज का चुनाव खुद उनसे ज्यादा उन चेहरों के महत्वपूर्ण है जिन्होंने उन्हें चुनावी मैदान में लॉन्च किया है। ये बात सर्वविदित है कि सिंहराज का टिकट पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का ही टिकट माना जा रहा है। अमरपाल शर्मा के सामने भी अब एक बड़ी चुनौती अपने इस टिकट को जीत के निकट ले जाने की है। लोकसभा और मेयर का चुनाव लड़ी चुकी डोली शर्मा के सामने भी एक बड़ी चुनौती ये है कि यहां गठबंधन का उम्मीदवार हारे या जीते लेकिन वो टक्कर जबदरस्त दे। डोली शर्मा कांग्रेस की फायरब्रांड नेताओं में शुमार होती हैं। वो भले ही चुनाव हार गई हैं लेकिन उनसे उनके तेवरों पर कोई फर्क नहीं पड़ता उनके सामने एक बड़ी चुनौती है। एक बड़ी चुनौती कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी के लिये भी है। विजय चौधरी को लोकसभा चुनाव में महानगर अध्यक्ष बनाया गया। उनकी कप्तानी में भले ही कांग्रेस मैच नहीं जीत पाई है, लेकिन यहां उसने जबरदस्त फाइट की है और वोट प्रतिशत बढ़ाया है।

विजय चौधरी की कप्तानी में वोटो का ग्राफ बढ़ना ही एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है और अब सिंहराज के चुनाव में संगठन की तरफ से कितनी सपोर्ट मिलती है ये विजय चौधरी के लिये भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। वहीं सिंहराज का पूरा चुनाव अब पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। डोली शर्मा के लिए प्रतिष्ठा का विषय है और विजय चौधरी की महानगर अध्यक्ष वाली कप्तानी की भी परीक्षा होनी है।





### लाइन के उस पार है सिंह का राज मगर इस पार भी तो सुनाई दे आवाज

**करंट क्राइम।** सिंहराज पुराने नेता हैं और उनका अपना सियासी प्रोफाइल है। लेकिन देखने में यही आ रहा है कि वो अपना पूरा फोकस लाइन के उस पार कर रहे हैं। कहने वाले यही कह रहे हैं कि बसपा के इस पुराने चेहरे को मजबूती से चुनाव लड़ना चाहिए। लाइन पार के उधर तो मतदाता हैं लेकिन लाइन के इस पार भी तो पकड़ बनानी होगी। सिंहराज प्रोफाइल वाले नेता हैं और बिरादरी में मजबूत पकड़ रखते हैं। वो उन सभी संसाधनों से लैस हैं जिनकी जरूरत चुनाव में पड़ती है। लेकिन यहां पर सियासी सलाहकार यही बता रहे हैं कि भले ही सामाजिक तानेबाने में सिंहराज मजबूत हों, लेकिन उन्हें सियासी नब्ज भांपते हुए लाइन के इस पार भी फोकस करना होगा। सामाजिक ताने बाने में सिंहराज मजबूत हैं और सियासत में दल का बल सबसे बड़ा होता है तभी गठबंधन होता है। अब कहने वाले यही कह रहे हैं कि यहां भाजपा को मतदान पर फोकस करना होगा और ये सुनिश्चित करना होगा कि उसका वोटर घर से निकले और वोट डाल आए। भाजपा अंडर वन लाख रही तो वो 69 या 70 हजार वोटों से रहेगी। बहरहाल अब एक बड़ी चुनौती है।

### मुस्लिम चेहरों का कितना मिलेगा सिंहराज को साथ

**करंट क्राइम।** यहां गठबंधन का समीकरण मुस्लिम वोटों के रूझान पर है और यहां सपा की रणनीति भी कारगर होगी। मुस्लिम चेहरों की बात करें तो सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और सपा के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र जाटव एडवोकेट दोनों ही अपने -अपने स्तर पर चुनाव को मजबूती दे रहे हैं। मुस्लिम चेहरों की बात करें तो कैला भटटा से पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, अलाउद्दीन अब्बासी और कई अन्य चेहरें अगर मजबूती से साथ आएंगे तो यहां हालात बदल जाएंगे।

### सपा ने किया है उपकृत तो सिंहराज को करना है चमत्कृत

**करंट काइम।** ये टिकट पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का पहले दिन से माना जा रहा है। बताया जाता है कि सिंहराज के टिकट में सबसे बड़ा रोल अमरपाल शर्मा का रहा है। अमरपाल शर्मा बड़े नेता हैं और बड़ी बात ये है कि उन्होंने भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले साहिबाबाद क्षेत्र में खोड़ा से अपनी पत्नी मोहिनी शर्मा को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जिताकर अपनी ताकत का एहसास कराया है। अमरपाल शर्मा चुनावी खिलाड़ी हैं और लोकसभा चुनाव में बागपत से चुनाव लड़े थे और यहां कम समय और विपरीत परिस्थितियों के बाद भी वो एक बड़ा वोट बैंक अपने साथ लेकर आए थे। उन्हें समय कम मिला था लेकिन उसके बावजूद उन्होंने बागपत में एक बड़ी छाप छोड़ी। अब चर्चा ये है कि पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने अपने पुराने साथी सिंहराज को टिकट तो दिला गया लेकिन अब वोट भी दिलाने हैं। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की गुडबुक में अमरपाल शर्मा का नाम दर्ज है। अब कहने वाले यही कह रहे हैं कि अमरपाल ने अपने पुराने दोस्त सिंहराज को उपकृत तो किया है लेकिन अब सिंहराज की बारी है कि वो चमत्कृत करें। यहां पर वोटों की रणनीति का हिसाब लगेगा। बिरादरी फैक्टर पर काम होगा।

# अगर है बात में सच्चाई तो अपोजिशन के कई नेता रहें खबरदार

## भाजपा करा रही है विपक्ष के कई नेताओं की कुंडली तैयार!




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी पर्चा सभी भर चुके और अब सभी खर्चा कर रहे हैं, गली-गली जा रहे हैं, मोहल्ले-मोहल्ले जा रहे हैं और वोटों की अपील कर रहे हैं। दिलों के बदलने का मौसम आ गया और दलों में ज्वाइनिंग हो रही है। पर्चा भरने वाले भी अब भाजपा के साथ आ गए। प्रमुख समाजसेवी ने भाजपा के समर्थन में पर्चा वापस लिया और भाजपा के कार्यालय जाकर ऐलान किया है। एक युवा नेता ने भी भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में पर्चा वापस लेने का ऐलान कर दिया। अब चचाएं बाहर आ रही हैं और जो चर्चा भाजपा के मंडल अध्यक्षों की बैठक के बाद बाहर आई है वो चर्चा चौंकाने वाली है। हालांकि ये जानकारी अपुष्ट सूत्रों के हवाले से हैं और करंट क्राइम इस खबर की या चर्चा की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है लेकिन अगर चर्चा है तो फिर वो कानों तक भी आएगी और पाठकों तक भी आएगी।

सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा ने अपोजिशन के कई सक्रिय नेताओं की कुंडली भी तैयार कराई है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा विपक्ष के नेताओं के नामों की कुंडली तैयार करा रही है, उन पर फोकस कर रही है। भाजपा की सूची में अपोजिशन के वो नेता बताए जाते हैं जो एक्टिव हैं। भाजपा अगर ऐसा करा है तो ये भाजपा बेहतर जानती है लेकिन सूत्र ये तर्क दे रहे हैं कि यह भाजपा की चुनावी रणनीति है और चुनाव के मौसम में ऐसा होता है। इस दल के नेता उस दल में जाते हैं, विचारधारा का मिलना बताते हैं और एक झटके में पटका ओढकर कई नेता भाजपाई बन जाते हैं। लेकिन यहां पर भाजपाई ही ऑफ द रिकॉर्ड दूसरा तर्क दे रहे हैं।

वो इस बात से इंकार नहीं कर रहे कि भाजपा ने कोई सूची तैयार की है, लेकिन वो ये कह रहे हैं कि चुनाव से पहले भाजपा अन्य दलों के नेताओं को अपने दल में लाकर अपनी ताकत को बढ़ा रही है। ये उसकी चुनावी रणनीति का हिस्सा है। वो कई नेताओं को भाजपा ज्वाइन कराएगी लेकिन अपोजिशन के नेताओं की कुंडली तैयार हुई है इस पर सब खामोश हैं। मंडल अध्यक्षों की बैठक से बाहर आया ये तीर अब कई नेताओं को खबरदार करेगा। भाजपा ज्वाइनिंग की बात तो कह रही है लेकिन वो दूसरे तरीके का जो इस्तेमाल करेगी उस बात को वो बाहर नहीं आने देना चाहती है। कहने वाले ने कहा भी कि चुनाव और जंग में सब जायज होता है। अगर कुछ हुआ तो एज पर रूल होगा।

# युवा भाजपा नेता नीरज सिंह ने समरकूल ग्रुप की नई इलैक्ट्रिक कैटल की लॉन्च

## नीरज सिंह ने समरकूल ग्रुप को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समरकूल गुणवत्ता के दम पर पिछले 32 वर्षों से दुनिया में अपना नाम बनाये हुए हैं और कूलर व इलैक्ट्रिक उत्पादों में देश का नंबर वन ब्रांड है।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धनतेरस के अवसर पर भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह ने समरकूल की नयी इलैक्ट्रिक कैटल को लॉन्च किया। समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता के अनुसार, समरकूल अपनी इलैक्ट्रिक कैटल को पिछले कई वर्षों से बना रहा है। परन्तु इस बार दीपावली से समरकूल ने अपनी इलैक्ट्रिक कैटल का नया मॉडल तैयार किया है। जिसकी लॉन्चिंग देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर उनके सुपुत्र युवा भाजपा नेता और फिक्की के चेयरमैन नीरज सिंह के द्वारा धनतेरस के अवसर पर की गई।

इस अवसर पर संजीव गुप्ता ने बताया कि नीरज भैया का स्नेह हमारे परिवार को सदैव मिलता रहा है। आज देश में नीरज भैया की लोकप्रियता भी चरम पर है। इसलिए समरकूल ग्रुप नीरज सिंह को अपना आदर्श मानते हुए, उनका मार्गदर्शन समय-समय पर प्राप्त करता रहता है।

इसके पूर्व भी नीरज सिंह के करकमलों से समरकूल की एलईडी स्मार्ट टीवी, वाशिंग मशीन और कूलर की भी लॉन्चिंग हुई है। इस अवसर पर नीरज सिंह ने समरकूल ग्रुप को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समरकूल अपनी गुणवत्ता के दम पर पिछले 32 वर्षों से होम एप्लांयसेज की दुनिया में देश में अपना नाम बनाये हुए हैं और कूलर व इलैक्ट्रिक उत्पादों में देश का नंबर वन ब्रांड है।

# पटाखों की बिक्री को लेकर नहीं है स्थिति क्लियर

## कहीं बिक रहे हैं चोरी छुपे, तो कहीं बिक्री खुल्लम-खुल्ला

### कई थानाक्षेत्रों में कार्रवाई के बाद भी बिक रहे हैं अवैध रूप से पटाखे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली पर आतिशबाजी को लेकर कोई खुला आदेश नहीं आया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में कहीं पटाखे खुल्लम-खुल्ला बिक रहे हैं। तो कहीं यह चोरी छुपे बिक रहे हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर में इस बार बड़े स्तर पर सोशल मीडिया और ऑनलाइन पटाखे की भी ट्रेडिंग की जा रही है। हालांकि कई थानाक्षेत्रों में पुलिस द्वारा अब तक बड़ी मात्रा में पटाखे की खेप बरामद की गई है। सिटी जोन के



अंतर्गत आने वाले घंटाघर कोतवाली, सिहानी गेट, नंदग्राम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। तो वहीं ट्रांस हिंडन जोन इंदिरापुरम पुलिस और टीनामोड, साहिबाबाद थाना पुलिस के साथ ही देहात में अंकुर विहार व लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा भी पटाखे पकड़े गए हैं।

### पटाखों की अधिक बिक्री वायु प्रदूषण के लिए खतरा

**करंट क्राइम।** जिस तरह पटाखों का ऑर्डर बुक कर डिलीवरी की जा रही है। उससे साफ है कि पुलिस आतिशबाजी की बिक्री पर रोक नहीं लगा पा रही है। अभी वर्तमान में ही हवा की गुणवत्ता बिगड़ चुकी है। यही हाल रहा तो दीवाली पर पटाखों पर पाबंदी हवा हो जाएगी। प्रदूषण की रोकथाम के लिए बीते कुछ वर्षों से पटाखों के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगी हुई है। इसके बाद भी बाजार में पटाखों की बिक्री होती है। इस बार ऑनलाइन भी शुरू हो गई है।

### ग्रीन आतिशबाजी के नाम पर हो रहा है खेल

**करंट क्राइम।** वायु प्रदूषण की स्थिति खतरनाक होने के चलते एनजीटी ने आतिशबाजी को लेकर कोई सीधा निर्देश नहीं दिया है। तो वहीं ग्रीन आतिशबाजी के नाम पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सैकड़ो दुकाने सड़क किनारे लगी हुई है। जो ग्रीन आतिशबाजी पटाखे की आड़ में धमाकेदार और अधिक क्षमता वाले पटाखे भी जमकर बेंच रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि पटाखा बेंचने वाले प्रिंट रेट से ज्यादा भी पैसा वसूल कर रहे हैं।

# प्रत्याशियों को 10 नवंबर तक देना होगा व्यय का पूरा लेखा-जोखा

## आज नाम वापसी का है विधानसभा उपचुनाव में अंतिम दिन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर सीट पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर बुधवार को नाम वापसी का अंतिम दिन है। अभी तक चुनाव मैदान में 14 उम्मीदवार शेष हैं। देखना है कि आज कोई चेहरा नाम वापस लेगा या नहीं। उधर चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव सीट पर लड़ने वाले चेहरों को व्यय लेखा व प्रेक्षक को देना होगा। जिसमें प्रथम चरण 2 नवंबर, द्वितीय चरण 6 नवंबर और तीसरा चरण 10 नवंबर को होगा, जो सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक निरीक्षण किया जाएगा।



### बैंक पासबुक से लेकर बैंक स्टेटमेंट करानी होगी मुहैया

**करंट क्राइम।** विधानसभा सामान्य उप निर्वाचन में प्रत्याशियों को तीनों तिथियां में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ता विकास भवन की रानी दुर्गावती सभागार में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगे। जिसमें व्यय लेखा देना होगा। दैनिक व्यय लेखा, पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियां तीन सेट में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। व्यय लेखा प्रस्तुत करने की तिथि एक दिन पूर्व तक व्यय लेखा प्रस्तुत करना होगा। वहीं जो ऐसा नहीं करेगा उसके ऊपर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# त्योहारी सीजन को लेकर पुलिस हुई अलर्ट, खुद एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने संभाली कमान

### मॉल, बाजारों, मेट्रो स्टेशन और यूपी बॉर्डर पर बढ़ाई गई पुलिस फोर्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** धनतेरस पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी कई थानाक्षेत्र में भ्रमण पर निकले। उन्होंने पुलिस के साथ पैदल गश्त की तो सुरक्षा व्यवस्था का जायज भी लिया। इस दौरान उन्होंने विजय नगर थानाक्षेत्र में निरीक्षण किया तो वहीं शहर कोतवाल अनुराग के साथ पैदल गश्त की। वहीं पुलिस बल के साथ मेट्रो स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों, बस अड्डा, दिल्ली से सट्टे सीमावर्ती इलाकों और प्रमुख इलाकों में पुलिस बल को बढ़ा दिया गया है। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा है



कि दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर किसी प्रकार की कोई वारदात ना हो और कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक बनी रहे इसीलिए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया है कि सभी थानाक्षेत्रों के एसीपी व अधिकारियों को अधिक मूवमेंट करने के निर्देश दिए गए हैं।




### महिला पुलिस भी की गई है तैनात

**करंट क्राइम।** त्यौहारी सीजन है, ऐसे में बाजारों में महिलाओं की भीड़बढ़ जाती है। खरीदारी करने महिलाएं परिवार के साथ जाती हैं। कहीं कोई वारदात ना हो, इसको लेकर महिला पुलिसकर्मी भी तैनात की गई हैं। वहीं बड़ी संख्या में क्विक रिएक्शन टीम बनाकर पुलिस को तैनात किया गया है ताकि सब जगह हालात सामान्य रहें।

## संपादकीय

# भ्रामक विज्ञापनों से बचें

इंटरनेट ने सूचना, संचार एवं संवाद के दायरे को अद्भुत विस्तार दिया है, पर यह भ्रामक विज्ञापनों, फेक न्यूज और धोखाधड़ी का भी बहुत बड़ा ठीहा बन चुका है. यह बेहद चिंताजनक है कि अधिकतर आपराधिक और नकारात्मक विज्ञापन स्वास्थ्य से संबंधित हैं। विज्ञापन मानकों की नियामक संस्था एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया विभिन्न माध्यमों- टीवी, प्रिंट, डिजिटल और ओटीटी- पर आने वाले विज्ञापनों की शिकायतों की जांच में पाया है कि 2023-24 में 19 प्रतिशत से अधिक विज्ञापनों ने नियमों का उल्लंघन किया है. पिछले वित्त वर्ष में कुल 8,229 भ्रामक विज्ञापन चिह्नित हुए, जिनमें 1,569 स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े हैं. अवैध पायी गयीं लगभग 86 प्रतिशत दवाओं का प्रचार डिजिटल मंचों से हो रहा था. ऐसी दवाओं या उपचार के प्रचार पर कानूनी पाबंदी है, जिनमें जादुई गुण होने का दावा किया जाता है. ऐसा करना अपराध है. फिर भी बीते वित्त वर्ष में ऐसे 1,249 विज्ञापनों को रेखांकित किया गया है।

हाल के वर्षों में सरकार ने अनेक तरह से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार-प्रसार को प्रोत्साहित किया है. लोगों में भी इनकी स्वीकार्यता बढ़ी है. इस स्थिति का फायदा उठाते हुए बहुत से विज्ञापन दिये जा रहे हैं, जिनका इरादा लोगों को ठगना है. सेक्स क्षमता बढ़ाने के दावे करते हुए भी बहुत से विज्ञापन दिये जा रहे हैं. काउंसिल के रिपोर्ट ने रेखांकित किया है कि भ्रामक और झूठे विज्ञापन देना लोगों के भरोसे का बेजा फायदा उठाना है तथा ऐसी दवाओं या इलाज से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है. हाल में एक प्रतिष्ठित कंपनी को बरगलाने वाले विज्ञापन देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कड़ी फटकार लगायी थी।

अखबारों और टीवी चैनलों पर काफी हद तक ऐसे विज्ञापनों को रोका जा सकता है और रोका भी जाना चाहिए, लेकिन डिजिटल स्पेस में रोकथाम बहुत मुश्किल है. डिजिटल मंच सूचना, समाचार और संपर्क के सबसे बड़े माध्यम बनकर उभरे हैं. इसलिए वहां विज्ञापनों की बाढ़ आ गयी है. हालांकि नियम-कानून हैं, पर तकनीक की रफ्तार के हिसाब से गलत हरकतों पर काबू करना बहुत बड़ी चुनौती है।

एक मुश्किल यह भी है कि दोषियों को पकड़ना आसान नहीं होता और अगर वे पुलिस व कानून की गिरफ्त में आ भी जाते हैं, तो बचकर निकल जाते हैं या उन्हें कठोर सजा नहीं मिलती. इस पहलू पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि अपराधियों का हौसला तोड़ा जा सके. इंटरनेट पर रोग के बारे जानना और दवा खरीदने की घातक प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है. विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे सूचना महामारी की संज्ञा दी है. हमें हमेशा चिकित्सकों की सलाह का अनुसरण करना चाहिए तथा विज्ञापनों पर आंख बंद कर भरोसा नहीं करना चाहिए।

# धनतेरस पर देश में 60 हजार करोड़ का कारोबार, वोकल फॉर लोकल से चीन को लगी 1 लाख 25 हजार करोड़ की चपत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीवाली पर वोकल फॉर लोकल की अपील को कैट ने अपना समर्थन देते हुए देश भर के व्यापारिक संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र की जो महिलाएं, कुम्हार व दूसरे कारीगर सहित अन्य ऐसे लोग, जो दीवाली से संबंधित सामान बना रहे हैं, उनकी बिक्री में वृद्धि करने में सहायता करें। धनतेरस पर देश भर में 60 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। बाजारों में चारों तरफ वोकल फॉर लोकल की धूम है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, सोने चांदी की खरीद में हुआ उछाल देखा गया है। धनतेरस पर देवी देवताओं की तस्वीर, बर्तन, वाहन सहित झाड़ू खरीदने का भी रिवाज है। एक अनुमान के अनुसार, दीवाली से जुड़े चीनी सामानों की बिक्री अब न होने से चीन को लगभग 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के व्यापार की चपत लगी है। खंडेलवाल ने बताया, दीवाली के त्योहारों की श्रृंखला में मूल रूप से धनतेरस का त्योहार दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों के



लिए व्यापार में बिक्री का एक बड़ा दिन माना जाता है। इसके लिए व्यापारियों ने देश भर में बड़ी तैयारियां की हैं। दीवाली पर वोकल फॉर लोकल का दर्शन पूरी तरह बाजारों में दिख रहा है। खंडेलवाल का दावा है कि बाजारों में अधिकांश वस्तुओं की खरीदारी भारतीय सामानों की ही हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीवाली पर वोकल फॉर लोकल की अपील को कैट ने अपना समर्थन देते हुए देश भर के व्यापारिक संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र की जो महिलाएं, कुम्हार व दूसरे कारीगर सहित अन्य ऐसे लोग, जो दीवाली से संबंधित सामान बना रहे हैं, उनकी बिक्री में वृद्धि करने में सहायता करें। इस अपील का मकसद, उन लोगों की खुशी को बढ़ाना है। कैट के दिल्ली सहित अन्य सभी राज्यों के व्यापारी नेता, अपने अपने शहरों में कुम्हारों और स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाया गया सामान खरीदेंगे। धनतेरस के दिन सिद्धि विनायक श्री गणेश जी, धन की देवी महालक्ष्मी जी तथा श्री कुबेर की पूजा होती है। इस दिन नई वस्तु खरीदना शुभ माना जाता है। इस दिन खासतौर पर सोना चांदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुएं, सभी प्रकार के बर्तन, रसोई का सामान, वाहन, कपड़े एवं रेडीमेड गारमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली का सामान एवं उपकरण, व्यापार करने के उपकरण जैसे कंप्यूटर एवं कंप्यूटर से जुड़े उपकरण, मोबाइल, बही खाते, फर्नीचर, अकाउंटिंग का अन्य सामान आदि विशेष रूप से खरीदे जाता है। प्राचीन मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू भी अवश्य खरीदी जाती है। उधर धनतेरस पर देश भर में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का सोना और लगभग 2500 करोड़ की चांदी खरीदी जाने का अनुमान है। ज्वेलरी सेक्टर के कैट के संगठन ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया, धनतेरस पर पूरे देश में सोने और चांदी की जबरदस्त बिक्री हुई है। देश में लगभग चार लाख छोटे और बड़े ज्वेलर्स काम करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो में 2 लाख ज्वेलर्स पंजीकृत हैं, जिन्होंने मंगलवार को लगभग 25 टन सोने की बिक्री की है। इसका मूल्य 20 हजार करोड़ रुपये तथा इसी तरह देश भर में 250 टन चांदी बिकी, जिसकी कीमत लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। पिछले वर्ष सोने का भाव 60 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो अब 80 हजार से अधिक है। चांदी का भाव पिछले वर्ष 70 हजार था, जो अब 1 लाख पहुंच गया है। वजन में बिक्री कम होने के बावजूद भी मुद्रा के रूप में बिक्री बढ़ी है। इसके अलावा पुराने चांदी के सिक्के की भी जबरदस्त मांग रही है। यह सिक्का पूरे देश में 1200 से 1300 प्रति नग बिका है।

## धनतेरस पर शेयर बाजार में रौनक, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर चमके

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। बीएसई का सेंसेक्स कारोबार के अंत में 363.99 अंक या 0.45 प्रतिशत की तेजी के बाद 80,369.03 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 127.70 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,466.85 पर बंद हुआ। बाजार का नेतृत्व वित्तीय शेयरों की ओर से हुआ। निफ्टी बैंक 1,061.40 अंक या 2.07 प्रतिशत की तेजी के बाद 52,320.70 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 514.70 अंक या 0.92 प्रतिशत की तेजी के बाद 56,251.30 पर हरे निशान में बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 136.65 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,198.95 पर बंद हुआ। बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,251 शेयर्स हरे, 1,614 शेयर्स लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं, 126 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एलएंडटी और पावरग्रिड टॉप गेनर्स रहे। वहीं, मारुति, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एम एंड एम और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स रहे। निफ्टी पैक में एसबीआई, बीईएल, आयशर मोटर्स, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स रहे। वहीं, मारुति, टाटा मोटर्स और हीरो मोटोकॉर्प टॉप लूजर्स रहे।पीएल कैपिटल (प्रभुदास लीलाधर) के प्रमुख सलाहकार विक्रम कासट के अनुसार, निजी और पीएसयू बैंकों के साथ-साथ अन्य वित्तीय सेवा शेयरों ने रैली का नेतृत्व किया, इन सूचकांकों में 2% से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, फार्मा और ऑटो सूचकांकों में मुनाफा वसूली देखी गई और वे लाल निशान में बंद हुए। उन्होंने आगे कहा, एफआईआई ने अकेले अक्टूबर में भारतीय इक्विटी से लगभग 1.03 लाख करोड़ रुपये निकाले हैं। वहीं, मजबूत घरेलू संस्थागत निवेश बाजारों के लिए आधार की तरह काम कर रहा है, जिसमें 98,491 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद हुई है। सुबह बाजार लाल निशान में खुला था। शुरुआती कारोबार में ऑटो, आईटी, फिन सर्विसेज और फार्मा सेक्टर में बिकवाली देखने को मिल रही थी। सेंसेक्स 344.28 अंक या 0.43 प्रतिशत गिरने के बाद 79,660.76 पर कारोबार कर रहा था।



## """ऐसी इस बार दीवाली हो"""

प्रस्तुति करंट क्राइम



नरेंद्र राठी
(कवि गाजियाबादी)



ऐसी इस बार दीवाली हो,
सबके यहां खुशहाली हो,
जेब किसी की ना
खाली हो,
बंगले में हो रोशनी जगमग,
झोंपड़ी में भी रंगोली हो,
ना छूटे बंब,पटाखे,
ना हो ज्यादा धूम धड़ाके,
सभी रहे धन्य,धान्य,
कहीं भी ना कंगाली हो,
ऐसी इस बार दीवाली हो।।
सब बीमारी भागे दूर,
खुशियाँ हो सबको भरपूर,
पार्टी मनाएं अगर धनवान,
गरीब के घर भी बने
पकवान,
दिल से मिले सब इन्सान,
ना आपस में हो भेद भाव,
ना हो कोई भी अभिमान,
हर घर में हसीं - खुशी,
हर नुक्कड़ पर ठिठोली हो,
ऐसी इस बार दीवाली हो,
सबके यहां खुशहाली
हो।।।

## राशिफल

**मेष:** आज कुछ रचनात्मक करना चाहेंगे, इसमें आपको अपने किसी खास रिश्तेदार या पड़ोसी का सहयोग मिल सकता है। पैसों को लेकर स्थिति सामान्य रहेगी।

**वृष:** आज का दिन फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता आएगी। परिवार में आज सुखद माहौल रहेगा। वैवाहिक संबंध आज मधुरता से भरे रहेंगे।

**मिथुन:** आज कुछ अच्छा खाने का मन करेगा और पैसों को लेकर स्थिति आज अच्छी रहेगी। कहीं से रुके हुए हैं, धन वापस मिलने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क:** आज आपका मन स्थिर रहेगा। ऑफिस में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। सीनियर आपके काम से खुश होकर किताब गिफ्ट कर सकते हैं। सहकर्मी आपके साथ रहेंगे।

**सिंह:** आज मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करेंगे। काम को लेकर स्थिति अच्छी रहेगी। इंटरनेट से नौकरी का नया ऑफर मिल सकता है।

**कन्या:** दिन लाभकारी रहने वाला है। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा। विद्यार्थी के लिए दिन अच्छा रहेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने की योजना बना सकते हैं।

**तुला:** आज का दिन लंबी यात्रा के लिए संकेत दे रहा है। किसी तीर्थ यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। मन को शांति मिलेगी। मन में बहुत अच्छे विचार आएंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन सफल रहेगा। कोई दोस्त या रिश्तेदार आपको महत्वपूर्ण सलाह दे सकता है। इस राशि के लोगों को उधार लेने और देने से बचना चाहिए।

**धनु:** दिन बहुत ही खूबसूरत रहेगा। लगभग सभी क्षेत्रों में अनुभव और दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। आमदनी में भी वृद्धि होगी और आज आपके विरोधी भी भारी होंगे।

**मकर:** आज का दिन मनोकामना पूर्ति करने का है। अपने लोगों के बीच अच्छी छवि बनाने का पूरा मौका मिलेगा। शत्रु दूर रहेंगे। आज अपनों से अनबन हो सकती है।

**कुंभ:** आज का दिन मन में नई ताजगी लेकर आएगा। संतान से जुड़ी कोई खुशखबरी दिल खुशी से भर देगी। जीवनसाथी से भी प्यार मिलेगा और परिवार का समर्थन।

**मीन:** आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आ रहा है। यह परिणाम व्यापार से संबंधित हो सकता है। अच्छे व्यवहार का अच्छा परिणाम अवश्य ही मिलेगा।

## चुटकुले

भिखारी : भगवान के नाम पर कुछ दे दो।
लड़की : कुछ नहीं है बाबा, माफ करो।
भिखारी : कुछ नहीं तो अपना मोबाइल नंबर ही दे दो, बाबा दुआ भी करेगा और मैसेज भी!

---

बंता अपनी गर्लफ्रेंड से बात करने की कोशिश में फोन करता है :
ट्रिंग ट्रिंग...आंटी पायल है?
महिला : हां बेटा, दोनों पैरों में है।

---

लड़का :- मैं तुम्हारे साथ शादी नही कर सकता. घर वाले नही मान रहे।
लड़की :- तुम्हारे घर में कौन कौन है।
लड़का :- एक बीवी और 2 बच्चे।

---

मां- आधी रात को कमरे में आकर बोली- बेटा तुझे पता है, कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?
मैं झ हां मां तो?
मां झ चुप चाप फोन बंद कर के सो जा,
नहीं तो तेरे इसी फोन पर पेट्रोल डाल के आग लगा दूंगी

## रोचक तथ्यों का करंट

- तरबूज गर्भावस्था के दौरान एक सामान्य स्थिति, दिल की धड़कन को आसान बनाता है। यह सुबह की बीमारी को कम करने में भी मदद करता है। फल में खनिज तीसरे-तिमाही मांसपेशी ऐंठन को रोकने में मदद कर सकते हैं।
- लगातार किसी भी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है। कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- शहद हजारों सालों तक खराब नहीं होता है।
- छीकते वक्त दिल की धड़कन 1 मिली सेकंड के लिए रुक जाती है।
- कंगारू कभी भी उल्टा नहीं चल सकते हैं। हमारा बयां पैर हमारे दाएं पैर से बड़ा होता है। गिलहरी का एक दांत हमेशा बढ़ता रहता है। एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी





# रोड्री ने जीता बैलोन डी'ओर का खिताब

**मैनचेस्टर सिटी।** मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब और यूरो 2024 जीतने के बाद सोमवार को पुरुषों के बैलन डी'ओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि, रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब ने समारोह का बहिष्कार किया। रोड्री को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कार देने का फैसला आश्चर्यजनक के रूप में आया। रियल मैड्रिड के लीगा और चैंपियंस लीग डबल विजेता विनिसियस जूनियर को व्यापक रूप से पसंदीदा के रूप में देखा गया था। पेरिस में समारोह से कुछ घंटे पहले, स्पेनिश क्लब ने घोषणा की कि उसका प्रतिनिधिमंडल चैटलेट थिएटर में समारोह में भाग नहीं लेगा क्योंकि इसे विनिसियस के बहिष्कार के रूप में देखा जाएगा। 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट नामित किया गया था। जर्मनी में खेले गए यूरो कप में स्पेन ने खिताब जीता था। इससे पहले समारोह से कुछ घंटे पहले ही ड्रामा शुरू हो गया जब स्पेनिश और यूरोपीय चैंपियन रियल ने कहा कि अगर विनिशियस विजेता नहीं होते हैं तो यह पुरस्कार उनके साथी दानी कार्वाजल को दिया जाना चाहिए।

ब्राजील के कार्वाजल ने वेम्बले में चैंपियंस लीग फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमंड के खिलाफ 2-0 की जीत में गोल किया था। विनिसियस ने मैड्रिड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 39 मैचों में 24 गोल किए और 11 असिस्ट किए। विनिसियस की मदद से क्लब ने तीन खिताब जीते थे। रियल मैड्रिड ने एएफपी से कहा, 'अगर पुरस्कार मानदंड विजेता के रूप में विनिसियस को नहीं चुनता है, तो उन्हीं मानदंडों को कार्वाजल को विजेता के रूप में इंगित करना चाहिए।'

मैड्रिड के नामांकितों में किलियन एमबाप्पे, एंटोनियो रुडिगर, फेडे वाल्वरडे और जूड बेलिंघम भी शामिल थे। बैलोन डी'ओर के विजेता को 100 विशेषज्ञ पत्रकारों की एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट से चुना जाता है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने रोड्री को सर्वश्रेष्ठ के रूप में वर्णित किया है। उनके गोल ने सिटी को 2023 में अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था, लेकिन उन्होंने स्पेन के लिए महत्वपूर्ण गोल भी किए।

## दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में दिलजीत के कॉन्सर्ट का मामला, गंदगी को साफ किया गया





**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में लोकप्रिय गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ के दो दिवसीय संगीत कार्यक्रम के अंत में बड़े पैमाने पर गंदगी फैलने के बाद खिलाड़ियों के रोष के बीच स्टेडियम का स्वामित्व रखने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने सोमवार को कहा कि स्टेडियम को साफ कर दिया गया है। स्टेडियम में शनिवार और रविवार को दिल-लुमिनाती कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया और प्रत्येक रात लगभग 40,000 प्रशंसक आए।

### जेएलएन स्टेडियम में पहला कार्यक्रम नहीं

यह पहली बार नहीं है जब इस स्थल पर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया हो। इससे पहले यहां ब्रायन एडम्स (2004) और रिकी मार्टिन (1998) जैसे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय सितारों के संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। लेकिन दोसांझ के कार्यक्रम के बाद के प्रभावों की खिलाड़ियों द्वारा कड़ी आलोचना की गई है। सोशल मीडिया पर आलोचना के वायरल होने के बाद साइ ने एक बयान जारी कर कहा कि प्रतियोगिता क्षेत्र और उसके आसपास के क्षेत्र को पुराने रंग रूप में ले आया गया है।

### साइ ने कही यह बात

साइ ने तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मुख्य एरिना 31 अक्तूबर 2024 को पंजाब एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मैच की मेजबानी करने के लिए शीर्ष स्थिति में होगा। टर्फ को मैच खेलने की स्थिति में ला दिया गया है।' इससे पहले दिल्ली के मध्यम दूरी के धावक बेअंत सिंह ने स्टेडियम के ट्रैक और फील्ड क्षेत्र की तस्वीरें और एक वीडियो पोस्ट किया जो कचरे, शराब के कंटेनरों और क्षतिग्रस्त एथलेटिक्स उपकरणों से अटा पड़ा था।

### बेअंत ने की थी आलोचना

बेअंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'यहीं पर एथलीट ट्रेनिंग करते हैं लेकिन यहां लोग शराब पीते हैं, नाचते हैं और पार्टी करते हैं। इस तरह की चीजों की वजह से स्टेडियम 10-10 दिन बंद रहेगा। एथलेटिक्स के उपकरणों जैसे बाधा दौड़ की बाधाओं को तोड़कर इधर-उधर फेंक दिया गया है।' उन्होंने कहा, 'यह भारत में खेल, खिलाड़ियों और स्टेडियम की स्थिति है। ओलंपिक में पदक नहीं मिलते क्योंकि इस देश में खिलाड़ियों के लिए कोई सम्मान और समर्थन नहीं है।

### एथलीट्स के लिए ये मामला दिल तोड़ने वाला

बेअंत जैसे एथलीटों के लिए सोमवार को उनके ट्रेनिंग केंद्र को इस हालत में देखना दिल तोड़ने वाला था। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा: 'जो नुकसान हुआ है बच्चों का वो तो दो, बच्चे खुद पैसे इकट्ठे करके सामान लेकर आते हैं अभ्यास के लिए।' दिल्ली के एक कोच ने पीटीआई को बताया कि कुछ एथलीटों ने साइ को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग की है क्योंकि उनके बाधा दौड़ के उपकरण और बॉक्स क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिसमें स्टार्टिंग ब्लॉक और गोला, चक्का और मेडिसिन बॉल जैसे अन्य उपकरण थे।

### एथलीट्स के उपकरणों को तोड़ा गया

कोच ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा, 'प्रत्येक बाधा की कीमत तीन से चार हजार रुपये है और आपको 400 मीटर बाधा दौड़ या 100 मीटर बाधा दौड़ या 110 मीटर बाधा दौड़ के लिए 10 बाधाओं की आवश्यकता होती है। इन युवा एथलीटों ने इन उपकरणों को खरीदने के लिए पैसे का इंतजाम किया है और यह उनके लिए आसान नहीं है।' उन्होंने कहा, 'स्टार्टिंग ब्लॉक और गोला, चक्का और मेडिसिन बॉल जैसे अन्य उपकरण वाले बॉक्स के ताले क्षतिग्रस्त और टूट गए हैं। कुछ उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए हैं एथलीटों ने मुआवजे के लिए साइ को पत्र लिखा है और देखते हैं क्या होता है।'

### बेअंत राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीत चुके पदक

25 वर्षीय सिंह ने 2014 और 2018 की राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था। साई ने अपनी ओर से कहा कि कॉन्सर्ट आयोजकों के साथ उसका अनुबंध बहुत स्पष्ट था कि स्टेडियम को उसी स्थिति में वापस किया जाएगा जिस स्थिति में इसे उन्हें सौंपा गया था। प्रतिक्रिया के लिए संपर्क किए जाने पर साइ के एक शीर्ष सूत्र ने कहा, 'दो दिन में 70,000 से अधिक लोग कॉन्सर्ट के लिए पहुंचे और सफाई में 24 घंटे लगेंगे। 29 तारीख तक स्टेडियम की सफाई होने की उम्मीद है।'

### जल्द ट्रेनिंग शुरू करेंगे एथलीट

उन्होंने कहा कि एथलीटों को 31 अक्तूबर तक स्टेडियम के अंदर ट्रेनिंग नहीं लेने को कहा गया है। कोच ने कहा, 'वे 31 अक्तूबर तक 10 दिन के लिए स्टेडियम के ट्रैक पर ट्रेनिंग नहीं ले पाएंगे। हम बाहरी ट्रैक पर ट्रेनिंग कर रहे हैं लेकिन वहां की स्थिति अच्छी नहीं है।' यह स्टेडियम इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मैचों की मेजबानी भी कर रहा है क्योंकि पंजाब एफसी इसे अपने घरेलू मैदान के रूप में इस्तेमाल करता है। बृहपतिवार को उनका चेन्नईयिन एफसी के साथ मैच है।

## 'फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख लेकिन कांस्य जीतने की खुशी', जूनियर हॉकी टीम के कप्तान का बयान



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूनार्मेंट में कांस्य पदक जीता।

**भारत पूरे टूनार्मेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका।**

अली ने कहा, 'गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है, लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते।' भारत पूरे टूनार्मेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0-4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका।

जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूनार्मेंट था। अली ने कहा, 'हमें श्री भाई (श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी।' अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूनार्मेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जाएगा।

## महिला सेमीफाइनल मैच रोके जाने का मामला, एआईएफएफ नेपाल के सैफ को लिखेगा पत्र



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) को पत्र लिखने का निर्णय लिया है जिसमें नेपाल के काठमांडू में भारत के खिलाफ सैफ महिला चैंपियनशिप सेमीफाइनल के दौरान रैफरी के निर्णय के विरोध में एक घंटे से अधिक समय तक खेल रोके रखने के बारे में बताया जाएगा। भारत ने 62वें मिनट में बढ़त बना ली लेकिन कुछ मिनट बाद दशरथ स्टेडियम में अराजकता फैल गई। नेपाल ने गोल किया लेकिन रैफरी ने गोल को नकार दिया। इसके बाद मैच 70 मिनट से अधिक समय तक रुका रहा क्योंकि नेपाल ने रैफरी के फैसले का विरोध करते हुए खेल जारी रखने से इनकार कर दिया।

भूटान के रेफरी ओम चोकी ने धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा की और मैच अधिकारियों और नेपाल की टीम के बीच काफी चर्चा के बाद मैच फिर से शुरू हुआ। लंबे इंतजार और भ्रम की स्थिति का भारतीय टीम की लय और एकाग्रता पर असर पड़ा। मैच फिर से शुरू होने के कुछ सेकेंड बाद नेपाल ने सबित्रा भंडारी के गोल से बराबरी हासिल कर लीग और मैच पेनल्टी शूट आउट में खिंचा।

पेनल्टी शूट आउट में भारत 2-4 से हार गया और टूनार्मेंट से बाहर हो गया। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, 'अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने रविवार 27 अक्टूबर 2024 को नेपाल के काठमांडू में सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 सेमीफाइनल के दौरान हुई घटनाओं पर ध्यान दिया है।' बयान के अनुसार, 'एआईएफएफ इन घटनाओं के संबंध में सैफ को पत्र लिखेगा और उचित मंच पर इस मुद्दे को उठाएगा। भारत की अंडर-19 महिला टीम को हाल ही में सैफ टूनार्मेंट में लगभग इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा था और एआईएफएफ का मानना है कि इस तरह की चीजें क्षेत्र में फुटबॉल के विकास के लिए अच्छी नहीं हैं।'

## मैक्सवेल बोले विराट ने मुझे इंस्टा पर ब्लॉक किया था

## कोहली की इंजरी की मिमिक्री की थी, आरसीबी में सिलेक्शन के बाद बात हुई



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने बताया है कि एक बार विराट कोहली ने उन्हें इंस्टाग्राम से ब्लॉक कर दिया था। 2017 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के समय मैक्सवेल ने विराट की शोल्डर इंजरी का मैच के समय मजाक बनाया था।

कोहली और मैक्सवेल पहले अच्छे दोस्त नहीं थे। अब दोनों आईपीएल में बेंगलुरु के लिए खेलते हैं। 2021 में विराट के कहने पर फ्ङइ ने मैक्सवेल को 14.25 करोड़ रुपए में खरीदा था। मैक्सवेल ने कहा- मैं कोहली को इंस्टा पर जब फॉलो करने गया तब मुझे पता चला की मैं ब्लॉक हूं।

### 'आरसीबी में सिलेक्शन के बाद पहला मैसेज कोहली का आया'

मैक्सवेल ने बताया की, जब मुझे बेंगलुरु की टीम में चुना गया तो विराट पहले इंसान थे। जिन्होंने मुझे मैसेज करके वेलकम किया। आईपीएल के प्री-ट्रेनिंग सेशन के समय मैंने और विराट ने काफी समय साथ बिताया। विलो टॉक पॉडकास्ट के साथ बातचीत के दौरान मैक्सवेल ने कहा, कि मैं सोशल मीडिया पर उन्हें फॉलो करने गया था। पर सर्च करते ही मैं उन्हें ढूंढ नहीं पा रहा था। बेंगलुरु में आने के बाद मैक्सवेल ने पूछा- क्या आपने मुझे ब्लॉक किया आरसीसबी में आने के बाद विराट कोहली और मैक्सेवल काफी अच्छे दोस्त बन गए। इस दौरान मैक्सवेल ने विराट से पूछा कि क्या आपने मुझे ब्लॉक कर रखा है। इस पर विराट कोहली ने जवाब दिया कि हां शायद। फिर उन्होंने रांची टेस्ट मैच के बारे में याद दिलाया और बताया कि उन्होंने उनका मजाक उड़ाया था, जिसकी वजह से उन्हें ब्लॉक किया गया था।

### 2017 सीरीज के समय नकल उतरी थी

साल 2017 में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत के दौरे पर आई थी। सीरीज के रांची टेस्ट मैच में विराट कोहली को फील्डिंग के दौरान कंधे में चोट लगी थी। इसी को लेकर मैक्सवेल ने विराट को चिढ़ाया था।

विराट कोहली को कंधे में चोट काफी गंभीर थी। वह दर्द से कराहते हुए मैदान से बाहर गए थे। इसके बाद मैक्सेवल जब मैदान पर उतरे तो उन्होंने कंधा पकड़ कर विराट कोहली की नकल उतारी जो भारतीय बल्लेबाज को अच्छा नहीं लगा। इसके बाद विराट कोहली ने मैक्सेवल को इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया था। हालांकि, बाद में विराट और मैक्सेवल की दोस्ती हो गई।

## लक्ष्य के शतक से हरियाणा ने पहली पारी में बनाई बढ़त; माधव के शतक से पंजाब के खिलाफ यूपी मजबूत



**नई दिल्ली।** लक्ष्य दलाल की 105 रन की शतकीय पारी और धीरू सिंह के 94 रन की बदौलत हरियाणा ने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मुकाबले में पहली पारी में 123 रन बढ़त हासिल कर ली है। लक्ष्य और धीरू ने तीन विकेट पर 185 रन से आगे खेलते हुए 143 रन की साझेदारी की। इसके बाद हर्षल पटेल और युजवेंद्र चहल ने नौवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी निभाई। हर्षल 144 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर नाबाद रहे।

युजवेंद्र ने 142 गेंद में दो चौकों की मदद से 27 रन बनाए। हरियाणा ने दिन का खेल खत्म होने पर नौ विकेट पर 431 रन बना लिए हैं। कुमार कार्तिकेय ने 117 रन पर चार विकेट लिए। लक्ष्य ने 105 रन की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले हिमांशु राणा ने 99 गेंद में 12 चौकों की मदद से 90 रन की पारी खेली थी। धीरू ने 173 गेंद में 12 चौकों की मदद से 94 रन बनाए। मध्य प्रदेश ने पहली पारी में 308 रन बनाए थे। जयंत यादव ने 84 रन पर पांच विकेट लिए थे।

### पंजाब के खिलाफ यूपी मजबूत

ओपनर माधव कौशिक ने अपने करिअर का सर्वाधिक स्कोर बनाते हुए उत्तर प्रदेश को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 346 रन की बड़ी बढ़त दिला दी है। माधव ने 297 गेंद में 21 चौकों और एक छक्के की मदद से 163 रन बनाए। यूपी ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 556 रन के योग पर घोषित कर दी। दिन का खेल समाप्त होने पर यूपी ने पंजाब का 49 रन पर एक विकेट गिरा दिया था।

## चटगांव टेस्टः पहले दिन साउथ अफ्रीका का स्कोर 307/2

**चटगांव।** साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट चटगांव के जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में खेला जा रहा है। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने पहले दिन 2 विकेट के नुकसान पर 307 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्कराम 33 और ट्रिस्टन स्टब्स 106 रन बनाकर आउट हुए। टोनी डी जॉर्जी 141 और डेविड बेडिंघम 18 रन बनाकर नाबाद लौटे। जॉर्जी और स्टब्स के बीच दूसरे विकेट के लिए 201 रन की साझेदारी हुई। दोनों बल्लेबाजों ने अपना पहला टेस्ट शतक लगाया। बांग्लादेश की तरफ से दोनों विकेट तैजुल इस्लाम को मिला। वहीं, बांग्लादेश की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज महिदुल इस्लाम ने टेस्ट डेब्यू किया। जॉर्जी ने 146 बॉल पर शतक लगाया। उनका यह पहला टेस्ट शतक है। उन्होंने मेहदी हसन मिराज की बॉल पर चौका लगाकर शतक पूरा किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन की पारी खेली।

## ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर मैथ्यू वेड ने संन्यास लिया



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वे अब कंगारू टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में वेड विकेटकीपिंग और फील्डिंग कोच की भूमिका निभाएंगे।

8 महीने पहले इस साल मार्च में उन्होंने शेफील्ड शील्ड का फाइनल खेलने के बाद फर्स्ट क्लास यानी रेड बॉल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। मैथ्यू वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए आखिरी इंटरनेशनल मैच टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ खेला था। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीनों फॉर्मेट में खेले वेड ने 13 साल के करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वन-डे और 92 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

वेड घरेलू टीम को दे चुके हैं कोचिंग वेड तस्मानियाई युवा और दूसरी कटीमों को कोचिंग दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम के हाई परफॉरमेंस और कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर ने मैथ्यू वेड को उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की बधाई देते हुए कहा कि हम कोचिंग में मैथ्यू का अनुभव उठाने के लिए उत्सुक हैं। 2021 से टेस्ट और वनडे टीम में नहीं मिली जगह 36 साल के मैथ्यू वेड ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था। 2021 से विकेटकीपर बल्लेबाज वेड को वनडे और टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिला। वह 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो में शामिल थे। पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में शाहीन अफरीदी के खिलाफ तीन छक्के मारकर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में पहुंचाया था।

## तीसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे विलियम्सन सीरीज में अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है न्यूजीलैंड की टीम



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले की शुरूआत एक नवंबर से होगी। कीवी टीम पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है। वहीं, टीम इंडिया इस मुकाबले में सम्मान बचाने उतरेगी। तीसरा टेस्ट न्यूजीलैंड के लिए महज एक औपचारिकता है जो पहले ही टीम इंडिया के खिलाफ सीरीज जीत चुकी है। ऐसे में कीवी दिग्गज केन विलियम्सन को तीसरे टेस्ट से भी आराम दिया गया है। वह शुरूआती दो टेस्ट में भी नहीं खेले थे।

विलियम्सन कमर की चोट से पूरी तरह नहीं उबर सके हैं और मुंबई में होने वाले तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड की दो टेस्ट मैचों में जीत से भारत की घरेलू सरजमीं पर 2012 से चली आ रही 18 सीरीज की जीत का सिलसिला भी खत्म हो गया। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'केन लगातार अच्छे संकेत दे रहे हैं, लेकिन वह हमारे साथ जुड़ने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं।'

स्टीड ने कहा, 'हालांकि, चीजें आशाजनक लग रही हैं और हमें लगता है कि उनके लिए सबसे अच्छा कदम न्यूजीलैंड में रहना और अपने रिहैब के अंतिम भाग पर ध्यान केंद्रित करना है। इसलिए उनके लिए इंग्लैंड जाना अच्छा रहेगा।' न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। स्टीड ने कहा, 'इंग्लैंड सीरीज में अभी एक महीना बाकी है इसलिए सतर्क रुख अपनाने से यह सुनिश्चित हो जाएगा कि वह क्राइस्टचर्च में पहले टेस्ट के लिए तैयार हैं।'

ब्लैक कैप्स के खिलाफ सीरीज हार ने 62.82 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने रहने के बावजूद अगले साल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालिफाई करने की भारत की उम्मीदों को कम कर दिया है। अब, उन्हें कीवी टीम के खिलाफ तीसरा टेस्ट जीतने की जरूरत है, और अगले महीने से शुरू होने वाली पांच मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर सीरीज जीत भी सुनिश्चित करनी होगी।

# दो ईनामी चोर हुए गिरफ्तार

## कई राज्यों से चुराते थे मोबाइल टावरों के उपकरण, 30 लाख रुपए का माल बरामद

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने 20-20 हजार के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी उस गैंग के सदस्य हैं जो देश के आधे राज्यों में से मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चोरी करते हैं। इनके कब्जे से 30 लाख रुपए का माल बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक इस गैंग में कुल 14 सदस्य हैं। पकड़े गए इन दो सदस्यों समेत 11 सदस्यों को पुलिस जेल भेज चुकी है। तीन अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।



### 30 लाख के माल भी किया बरामद

गाजियाबाद में एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने मदुरई तमिलनाडु के रहने वाले शाहिद और नूर को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से मोबाइल टावर की रेडियो रिसीवर यूनिट तीन और एक मोबाइल टावर बैटरी बरामद हुई है। जिनकी कीमत करीब 30 लाख रुपए है। इस पूरे गैंग में 14 लोग हैं। जिसमें से नौ लोगों को पुलिस पहले जेल भेज चुकी है दो मंगलवार को पकड़े गए हैं।

पुलिस के अनुसार अभी तीन सदस्य फरार हैं। जिनकी तलाश जारी है। यह पूरा गैंग गाजियाबाद, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और मध्य प्रदेश में जियो और एयरटेल कंपनी के मोबाइल टावरों से यूनिट बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी करते हैं। इन दोनों अपराधियों पर 20-20 हजार रुपए का इनाम था। पकड़े गए शाहिद मलिक 12 साल से कबाड़ का काम करता है लेकिन उसमें अधिक मुनाफा न होने के चलते हैं वह इस धंधे में उतर आया। दूसरा पकड़ा गया नूर भी इसमें धंधे में अधिक पैसे देखकर इसमें आ गया। पकड़े गए दोनों अपराधी आपस में साले- बहनोई हैं।

# सलमान को धमकी देने वाला नोएडा से गिरफ्तार

## आरोपी 20 साल का, मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेगी

**नोएडा करंट क्राइम।** मुंबई में एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके बेटे जीशान और एक्टर सलमान खान को धमकी देने के आरोपी युवक को मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान मोहम्मद तैय्यब (20) के रूप में हुई है। अउढ नोएडा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया- आरोपी को सूरजपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां से मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जाएगी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मोहम्मद तैय्यब मूल रूप से यूपी के बरेली का रहने वाला है। अभी दिल्ली में ज्योति नगर में अपने चाचा के पास रहता था। पिता का नाम ताहिर है। वह बरेली में सिलाई का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। इसकी जांच की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, मुंबई पुलिस की एक टीम आरोपी के दिल्ली स्थित घर पर मौजूद है। ज्योति नगर थाना पुलिस को सूचना देकर आरोपी के चाचा का घर भी खंगाला जा रहा है। अभी तक की जांच में सामने आया है कि आरोपी का किसी गैंग से संबंध नहीं है। उसने सलमान खान को धमकी क्यों दी? इस बारे में कोई ठोस जवाब पुलिस को अभी नहीं मिल पाया है। पूछताछ में उसने सलमान और जीशान को धमकी देने कबूल किया है।



### 25 अक्टूबर को दी थी धमकी

जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ऑफिस में 25 अक्टूबर की शाम को मैसेज मिला था। इसमें फिरौती न देने पर सलमान खान और जीशान को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जीशान के एक कर्मचारी ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने धमकी देने वाले व्यक्ति के रूप में मोहम्मद तैय्यब की पहचान की।

# मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने किया महिला शक्ति को सम्मानित

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने मंडल में सर्वाधिक सदस्य बनाने वाली और कौशांबी निवासी डॉ. आचार्या कृति शर्मा को सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने कहा कि जब समाज में महिला शक्ति किसी काम का बीड़ा उठाती है, तो उस काम में ईश्वर भी सहाय होते हैं। आचार्या कृति शर्मा ने मंडल अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। निरंतर संगठन को मजबूत बनाने के लिए और अधिक से अधिक सज्जन शक्ति और महिलाओं को जोड़ने के प्रयास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सुधीर त्यागी ने कहा कि बृज विहार में पार्टी संगठन की योजनानुसार कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम करते हुए सदस्यता अभियान में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सदस्यता अभियान में जिस तरह से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया। उसी तरह सक्रिय सदस्यता अभियान में भी सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं।



## न्यूज डायरी

### जुआ खेलते लोगों के साथ मारपीट की

**लोनी, करंट क्राइम।** अंजली विहार कॉलोनी में जुआ खेल रहे युवकों के साथ आठ दस बदमाशों ने मारपीट कर पथराव किया। आरोप है कि हमलाबरों ने उनसे पैसे भी छीने और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला बता रही है। अंकुर विहार थाने की अंजली विहार कॉलोनी में सोमवार शाम करीब छह बजे एक खाली प्लाट में कॉलोनी के ही पांच छह लोग जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान आठ दस बदमाश हाथों में तमंचे आदि लेकर वहां पहुंचे और मारपीट करने लगे। आरोप है कि बदमाशों ने जुआ खेल रहे लोगों के पैसे छीन लिए और हवाई फायरिंग कर फरार हो गए। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि कुछ शरारती तत्व जुआ खेलते रहते हैं। बदमाशों ने उनके पैसे लूटने के लिए ही हमला किया था। पुलिस ने पैसे लूटने और हवाई फयरिंग की घटना से इंकार किया है। पुलिस मात्र दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना बता रही है।

### पिता को थप्पड़ मारने पर गुस्साए बेटे ने भाई को उतारा मौत के घाट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गत दिनों सोनिया विहार रेगुलेटर के निकट मिले माली मितलेश के शव के प्रकरण का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के भाई को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया है। ताऊ का बेटे ने गोली मारकर मितलेश की हत्या की थी। वह पिता को मितलेश द्वारा थप्पड़ मारने व मां से अभद्रता से नाराज था। करीब पांच माह पूर्व आरोपी ने साजिश रच अवैध पिस्टल भी खरीदी थी। और उसके बाद उसने मितलेश की रेकी करनी शुरू कर दी थी। गत शुक्रवार को जब मितलेश डयूटी जा रहा था, तो आरोपी ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर मंगलवार को हत्या का खुलासा कर दिया।

### बच्चे देश के भावी कर्णधार हैं : संजय जैन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल में दीपावली मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। प्रधानाचार्या डॉ0 नीरू जोशी व प्रबन्धक विनय रूहेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। चेयरमैन संजय जैन ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भावी कर्णधार है। हमें उनकी शिक्षा दीक्षा के साथ मानसिक, शारीरिक, मनोरंजन व धार्मिक क्रिया कलापों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान संजय जैन ने छात्र एवं छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रशंसा कर उज्जवल भविष्य की कामना की।




### नदियापार में फिर सज रही हैं महफिलें

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में दीपावली से पहले हुए एक बड़े कांड के बाद मामला हाईलाइट हो गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र जानकारी दे रहे दीपावली से पहले फिर एक बार नदियापार के एक थानाक्षेत्र में रात वाली महफिलें जमकर सज रही हैं। बकायदा सोशल मीडिया से लोगों को फुल नाइट वाली पार्टी के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। वीडियो भेजे जा रहे हैं और आमंत्रित किया जा रहा है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि इलाके वाले साहब शायद इस बात से अनजान हैं पर थाने वाले क्यों मौन वाले मोड में हैं इसकी जांच तो होनी ही चाहिए। उधर सूत्रों से सुनने में आ रहा है कि यहां दीपावली से पहले डांस के साथ चांस वाला मामला भी सुनाई दे रहा है। इसके साथ ही ऑनलाइन गेम के नाम पर दीपावली को धमाकेदार बनाने की भी स्कीम दी जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पहले नदियापार में ताबड़तोड़ कारवाइयां हुई थी और फिर जिस तरीके से ताबड़तोड़ अंदाज में आयोजन हो रहे हैं। वह कुछ ओर ही इशारा कर रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई थानाक्षेत्रों में ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं, जो दीपावली से पहले और दीपावली की रात गुलजार रहते हैं। पुलिस की उन पर भी नजरें हैं। अब देखना होगा कि पुलिस की कार्रवाई वहां कैसी होती है और क्या रिजल्ट आते हैं। वैसे कमिश्नरेट वाले सिस्टम में शायद ही कोई सर्किल बचा हो जहां ऐसे मामले ना उजागर हुए हैं। वहीं कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके की जानकारी नदियापार्क के लिए निकाल कर आई है, उससे कई तरीके की चर्चा हो रही हैं। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत तीनों ही जोन में पुलिस अभियान ठोको जारी रखे हुए हैं लेकिन जिस तरीके से यह महफिलें रात रातभर सजने वाला मामला एक बार फिर चर्चा में आया है, इसको लेकर एक जोन में टेंशन बढ़ सकती है। वहीं देखना होगा कि दीपावली के बाद भी यहां महफिलें गुलजार होती रहती हैं या मामला शांत हो जाता है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वालों से ज्यादा नदियापार वाले महफिलों के मामले में टीआरपी में रहते रहे हैं। देखना होगा यह खेल जारी रहेगा ता फिर पुलिस इसे फेल करेगी।




# सोते समय परिवार को सुंघाया नशीला पदार्थ, लाखों का माल लेकर हुए फरार

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव रसूलपुर बहलोलपुर में घर के अंदर सीढ़ी लगाकर घुसे चोरों ने सो रहे लोगों और घर के पालतू कुत्ते को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेसुध कर दिया। इसके बाद चोरों ने पूरे घर को खंगाले हुए करीब 50 हजार की नकदी, लाखों के आभूषण और सामान चोरी कर लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### कुत्ते और परिवार के लोगों को सुंघाया नशीला पदार्थ

जानकारी के मुताबिक रसूलपुर बहलोलपुर निवासी गुरविंदर उर्फ गुड्डू ने बताया कि रात 10 बजे के आसपास वह अपनी पत्नी रविता के साथ बरामदे में सोये थे। जबकि उनका बेटा अभिषेक कमरे में सो गया। रात किसी समय चोर पड़ोस में बंद पड़े घर में सीढ़ी लगाकर अंदर दाखिल हुए। चोरों ने पालतू कुत्ते और परिवार के तीनों लोगों को नशीला पदार्थ सुंघा दिया। चोरों ने अभिषेक के कमरे में मौजूद अलमारी का ताला तोड़ा, लेकिन उसमें जब कुछ नहीं मिला तो दूसरे कमरे में सारा सामान तितर-बितर कर दिया। उसके बाद चोरों ने गेंहू की टंकी में रखे 50 हजार रुपए, सोने-चांदी के आभूषण के अलावा रसोई में रखा 2 किलो देसी घी तक चोरी कर लिया। रात को करीब एक बजे पड़ोस में रह रहे भतीजे विनय ने घर के अंदर अंधेरा देखकर शक होने पर सभी को पहुंचकर गहरी नींद से जगाया।

इसके बाद रात को ही डायल-112 पर पुलिस को चोरी की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# पुलिस ने जुआ खेलते 60 लोग किए गिरफ्तार

## त्योहार को देखते हुए चलाया हुआ है धर पकड़ अभियान, नगदी और ताश-गड्डी बरामद

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा पुलिस ने जुआ खेलने वाले लोगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सेंट्रल नोएडा के अलग-अलग थानों में अभियान चलाया और सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने वाले 60 लोगों को धर दबोचा। इन लोगों के कब्जे से नगदी और ताश की गड्डियां बरामद हुई हैं। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर एक विशेष अभियान चलाया गया और इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने वाले लोगों की धर पकड़ की गई। इस अभियान के तहत सेंट्रल नोएडा के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गस्त करते हुए इन लोगों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 60 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह सभी लोग ताश खेल रहे थे। इन सभी लोगों के कब्जे से नगदी, ताश की गड्डी व अन्य सामान बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इस दौरान बादलपुर थाना क्षेत्र से चार लोग, वहीं थाना सेक्टर 63 क्षेत्र से चार लोग ,थाना फेस 3 क्षेत्र से 10 लोग, थाना सूरजपुर क्षेत्र से 8 लोग ,थाना सेक्टर 142 क्षेत्र से तीन लोग, थाना सेक्टर ईकोटेक 3 क्षेत्र से पांच लोग और थाना बिसरख क्षेत्र से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुल मिलाकर इन सभी थाना क्षेत्र से 60 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। डीसीपी ने कहा कि आगे भी पुलिस के द्वारा इस तरह का अभियान जारी रहेगा और सार्वजनिक स्थानों पर जुआ खेलने वालों की खिलाफ कार्रवाई होगी।



# कैमिकल गोदाम में आग लगने से वातावरण में दुर्गन्ध और धुआं फैला




**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बार्डर थाने की कृष्णा विहार कॉलोनी में मंगलवार दोपहर एक कैमिकल के गोदाम में आग लगने से वातावरण में तेज दुर्गन्ध और धुआं फैल गया। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की एक गाड़ी ने एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। कृष्णा विहार कॉलोनी में किसी भाटी नाम के व्यक्ति का कैमिकल का गोदाम है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में कैमिकल से भरे कट्टे रखे हुए थे। गोदाम में सोमवार रात से ही मामूली सी चिंगारी सुलग रही थी। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे गोदाम में आग तेजी के साथ भड़क गई। जिससे समस्त वातावरण में तेज दुर्गन्ध और धुआं फैल गया। आस पास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### विश्वास और सुरक्षा का पर्व भैया दूज : प्रेमचंद गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अध्यक्ष दुर्गा वाशिंग पाउडर प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि भाई दूज भाई-बहन के अटूट रिश्तों का प्रतीक है। प्रेमचंद गुप्ता का कहना है कि इस दिन बहन अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करती हैं और भाई उनकी सुरक्षा का वचन देते हैं। यह पर्व पारिवारिक रिश्तों को और अधिक मजबूत करता है। बहन-भाइयों में एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। भाई दूज रिश्तों में स्नेह, विश्वास और सम्मान का अद्भुत त्यौहार है जो हमें एक-दूसरे के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।

### हापुड़ में धनतरेस पर लगभग 40 करोड़ के कारोबार का अनुमान, पुलिस भी रही अलर्ट



**हापुड़।** हापुड़ में धनतेरस पर सुबह से ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। सोने-चांदी की खरीदारी, पसंदीदा वाहन,बर्तन, इलेक्ट्रोनिक सामान, कपड़ों, सजावट के सामान के साथ लोगों ने जरूरत के सामान की खरीदारी की। देर रात तक बाजारों में चहल पहल रही और 35 करोड़ रुपए से अधिक के कारोबार का अनुमान है। वहीं डीएम प्रेरणा शर्मा, एसपी केजी सिंह समेत अन्य अफसर सड़क पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। शहर के कसेरठ बाजार, सराफा बाजार, गोल मार्केट, कोठी गेट, चंडी रोड, पक्का बाग, रेलवे रोड, स्वर्ग आश्रम रोड, आवास विकास कालोनी सहित प्रमुख बाजारों में दिनभर खरीदारों की भीड़ लगी रही।

# ताले तोड़कर छह फ्लैट खंगाले

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** चोरों के हौंसले बुलंद हैं। गाजियाबाद में चोरों ने एक ही रात में छह फ्लैटों के ताले तोड़कर खंगाल दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस वालों के भी दो फ्लैटों में चोरी कर डाली। पीड़ित पुलिसकर्मियों में शामिल अंशुल दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल और मूलरूप से किसान नेता राकेश टिकैत के गांव सिसौली का रहने वाला है और दूसरा पुलिस कर्मी डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी की कोर्ट में तैनात कांस्टेबल है।

मामला ट्रोनिका सिटी थानाक्षेत्र की सपना सोसायटी का है। चोरों ने तसल्ली से एक के बाद दूसरा फ्लैट खंगाला और लाखों के गहने व नकदी चुरा ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परिवारों का कहना था कि गेटेड सोसायटी में इतनी बड़ी वारदात होना चिंता का विषय है। पीड़ित परिवार ताला बंद कर बाहर गए हुए थे।

पुलिस ने छानबीन के दौरान निशाना बनाए गए एक फ्लैट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो एक चोर की तस्वीरें कैद मिली हैं। हालांकि चोर चोरी सीसीटीवी के डीवीआर का तार काटकर ले गए हैं, लेकिन तार काटे जाने से पहले डीवीआर में कुछ रिकॉर्डिंग दर्ज हो चुकी थी। सीसीटीवी में कैद हुए चोर ने सिर पर टोपी और चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरों की धरपकड़ के लिए अपना नेटवर्क एक्टिव कर दिया है।

### एक माह पहले भी छह फ्लैटों को बनाया था निशाना

चोरों ने एक माह पहले भी इसी सोसायटी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उस समय भी चोरों ने छह फ्लैटों को ही निशाना बनाया था। एक माह गुजर जाने के बाद पुलिस पहले छह फ्लैटों में हुई चोरी का खुलासा नहीं कर पाई थी, कि चोरों ने पुलिस को नया टास्क दे दिया। हर बार छह फ्लैटों को निशाना बनाए जाने से सोसायटी वालों को लग रहा है कि एक ही गैंग बार- बार वारदातों को अंजाम दे रहा है।

# विश्वास और सुरक्षा का पर्व भैया दूज : प्रेमचंद गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अध्यक्ष दुर्गा वाशिंग पाउडर प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि भाई दूज भाई-बहन के अटूट रिश्तों का प्रतीक है। प्रेमचंद गुप्ता का कहना है कि इस दिन बहन अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करती हैं और भाई उनकी सुरक्षा का वचन देते हैं। यह पर्व पारिवारिक रिश्तों को और अधिक मजबूत करता है।


बहन-भाइयों में एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। भाई दूज रिश्तों में स्नेह, विश्वास और सम्मान का अद्भुत त्यौहार है जो हमें एक-दूसरे के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।

### दीपावली व छठ पूजा को लेकर साफ-सफाई की कवायद तेज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दीपावली व छठ पूजा को लेकर नगर पालिका ने साफ सफाई की कवायद तेज कर दी है। नगर को संवारने व साफ सफाई को लेकर पालिका कर्मियों को सतर्कता के साथ कार्य में जुट जाने के आदेश दिये हैं। पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली व अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने सयुक्त रूप से कर्मचारियों को त्यौहारी सीजन में विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई व पालिका के अधीन आने वाले अन्य कार्यों को दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये हैं। इतना ही नही अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने वार्ड के सभासदों से सुझाव लेकर मुख्य मार्गो व शहर के समस्त वार्डों में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये विद्युत विभाग को आदेशित किया है।

### बाजार में दोपहर बाद शुरू हुई धन वर्षा, धनतेरस पर बाजारों में लौटी रौनक



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** धनतेरस पर लोगों ने जमकर बाजारों में खरीदारी की। दो दिन पहले ही आभूषण, इलेक्ट्रानिक्स का सामान, वाहन, बर्तन, गोटा, खील बताशे, मूर्ति, रुई बाती, कपड़े खरीदने को दुकानें सज गई। मंगलवार को दोपहर बाद बाजारों में भीड़ उमड़ना शुरू हुई। देर रात जमकर खरीद, बिक्री हुई। इसके बाद कल दीपोत्सव पर्व मनाया जाएगा। धनतेरस के साथ बाजार में दीपावली के सामान की भी खूब खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति, इलेक्ट्रिक झालरें, सजावटी सामान खूब बिक रहा है।

# गाजियाबाद में फायर स्टेशन के अलावा 10 स्थानों पर तैनात होंगे टेंडर, सूचना पर तत्काल पहुंचेगी दमकल पुलिस

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दीपावली पर आग लगने की घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। कोई घटना होने पर तत्काल फायर टेंडर मौके पर पहुंचे सके, दमकल पुलिस ने इसकी तैयारी कर ली है। इसके लिए फायर स्टेशनों के अलावा जिले में 10 स्थान चिन्हित कर वहां पहले से ही फायर टेंडर तैनात कर दिए जाएंगे जो किसी घटना की सूचना पर तत्काल घटनास्थल के लिए मूव कर सकेंगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि पूरे जिले में फायर टेंडरों की अस्थाई तैनाती के लिए 10 स्थानों का चयन किया गया ताकि घटनास्थल की दूरी कम हो सके और घटना होने की स्थिति में कम समय में मदद मौके पर पहुंच सके।

### आग से बचाव के लिए बरतें सावधानी

- दीपावली पर दिए और मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर जलाएं
- घर में लगे पर्दों और लकड़ी के फर्नीचर का ध्यान रखें
- बिजली की झालर आदि भी पर्दे और फर्नीचर से दूर हो
- पटाखे बड़ों की देखरेख में खुले स्थान पर जलाएं
- दीपावली के मौके पर सूती कपड़े पहनें




### घटना होने पर तक्काल सूचना दें : सीएफओ



सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि जिले में वैशाली, साहिबाबाद, घंटाघर कोतवाली, मोदीनगर और लोनी में फायर स्टेशन हैं, जहां 24 घंटे फायरकर्मी मुस्तैद रहते हैं। लेकिन दीपावली पर आग लगने की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए फायर स्टेशनों के अलावा 10 स्थानों पर फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि ऐसी कोई भी घटना होने पर तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित करें। कई बार लोग खुद आग बुझाने के प्रयास में जुट जाते हैं और आग भयंकर रूप ले लेती। राहुल पाल ने कहा है कि आग बुझाने के प्रयास कीजिए लेकिन फायर ब्रिगेड को सूचना देना भी जरूरी है।

### इन 10 स्थानों पर तैनात होंगे फायर टेंडर

फायर स्टेशनों के अलावा वसुंधरा में अटल चौक पर, इंदिरापुरम में काला पत्थर रोड पर, खोड़ा थाने पर, टीला मोड़ थाने पर, मुरादनगर थाने पर, लोनी तिराहा पर, डीएलएफ कालोनी, लाजपतनगर में शनि चौक पर, राजनगर एक्सटेंशन, पुराना बस अड्डा, विजयनगर बाईपास और मोदीनगर में राज चौपला पर फायर टेंडर तैनात रहेंगे ताकि आग की सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा जा सके।

# ब्रिक्स के एक और सदस्य का चीन को झटका, भारत के बाद ब्राजील ने बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल होने से मना किया

**रियो डी जेनेरियो ।** ब्राजील ने चीन को बड़ा झटका देते हुए उसके महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट बीआरआई (बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव) में शामिल होने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही भारत के बाद ब्राजील ब्रिक्स संगठन का दूसरा देश बन गया है, जिसने चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने कहा कि 'ब्राजील, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव में शामिल नहीं होगा और इसके बजाय चीनी निवेशकों के साथ सहयोग करने के वैकल्पिक रास्तों की तलाश करेगा।'




### चीन के मंसूबों पर फिरा पानी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेल्सो एमोरिम ने कहा कि ब्राजील, चीन के साथ अपने संबंधों को नए स्तर पर ले जाना चाहता है, लेकिन बिना किसी अनुबंध पर हस्ताक्ष किए। ब्राजील का यह एलान चीन की कम्युनिस्ट सरकार के लिए बड़ा झटका है, खासकर तब जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 नवंबर को ब्राजील का आधिकारिक दौरा करने वाले हैं। चीन की कोशिश थी कि जिनपिंग की ब्राजील यात्रा को राजकीय यात्रा का मुख्य आकर्षण बनाया जाए, लेकिन अब ब्राजील ने प्रोजेक्ट से ही बाहर रहकर चीन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

गौरतलब है कि ब्राजील में ही बीआरआई प्रोजेक्ट के खिलाफ आवाजें उठ रहीं थी। ब्राजील की अर्थव्यवस्था और विदेश मामलों के कई अधिकारियों ने चीन के अरबों डॉलर के बीआरआई प्रोजेक्ट में ब्राजील के शामिल होने का विरोध किया था। अधिकारियों का कहना था कि चीन के इस बुनियादी ढांचे के प्रोजेक्ट में शामिल होने से ब्राजील को अल्पअवधि में कोई फायदा नहीं होगा और साथ ही इसके चलते ब्राजील के अमेरिका से भी संबंध खराब हो सकते हैं।

**मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेल्सो एमोरिम ने कहा कि ब्राजील, चीन के साथ अपने संबंधों को नए स्तर पर ले जाना चाहता है, लेकिन बिना किसी अनुबंध पर हस्ताक्ष किए। ब्राजील का यह एलान चीन की कम्युनिस्ट सरकार के लिए बड़ा झटका है, खासकर तब जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 20 नवंबर को ब्राजील का आधिकारिक दौरा करने वाले हैं। चीन की कोशिश थी कि जिनपिंग की ब्राजील यात्रा को राजकीय यात्रा का मुख्य आकर्षण बनाया जाए, लेकिन अब ब्राजील ने प्रोजेक्ट से ही बाहर रहकर चीन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।**

बीते दिनों ब्राजीली राष्ट्रपति के विशेष सलाहकार एमोरिम और राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ रुई कोस्टा बीजिंग दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने चीनी अधिकारियों के साथ बीआरआई प्रोजेक्ट पर चर्चा की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों इस प्रोजेक्ट से असंतुष्ट और अप्रभावित होकर लौटे थे। इफ्फ्रप्रोजेक्ट में शामिल होने से इनकार करने वाला ब्राजील भारत के बाद दूसरा ब्रिक्स सदस्य देश ब्रिक्स संगठन के सदस्य देश ब्राजील से पहले भारत भी चीन के इस प्रोजेक्ट में शामिल होने से मना कर चुका है। भारत पहला देश था जिसने इस पर आपत्ति जताई थी और बीआरआई का खुलकर विरोध किया था। बीआरआई प्रोजेक्ट के तहत ही चीन चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का निर्माण कर रहा है। यह प्रोजेक्ट पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजर रहा है, जिस पर भारत ने संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया है। पाकिस्तान द्वारा अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है, यही वजह है कि भारत ने चीन के इस प्रोजेक्ट की खुलकर आलोचना की थी।

अमेरिका ने भी ब्राजील से बीआरआई प्रोजेक्ट में शामिल होने के अपने फैसले की समीक्षा करने की अपील की थी। जिस पर अमेरिका ने नाराजगी भी जाहिर की थी। चीन ने आरोप लगाया था कि अमेरिका ब्राजील और अन्य लैटिन अमेरिकी देशों को चीन के खिलाफ भड़काने का प्रयास कर रहा है। ब्राजील से पहले फिलीपींस और इटली ने भी बीआरआई प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था।

## दलाईलामा के प्रतिनिधि ने फिलीपींस में उठाया तिब्बतियों के संघर्ष का मुद्दा

**टोक्यो ।** जापान व पूर्वी एशिया के लिए दलाई लामा के प्रतिनिधि त्सेवांग ग्यालपो आर्य ने फिलीपींस में तिब्बती स्वायत्तता व मानवाधिकारों के लिए चल रहे संघर्ष का मुद्दा उठाया। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की ओर से जारी बयान के अनुसार, आर्य की फिलीपींस यात्रा में तिब्बती मुद्दे पर केंद्रित व्याख्यान व चचाएं शामिल थीं।



रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर डाला प्रकाश यह 1960 के दशक से तिब्बत की स्वतंत्रता के लिए जारी संघर्ष में फिलीपींस के ऐतिहासिक समर्थन को दशार्ती है। संसद सदस्य एड्रियन अमातोंग के साथ बैठक के दौरान आर्य ने हाल ही में पारित अमेरिकी रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर प्रकाश डाला और फिलीपींस संसद में भी इसी प्रकार के उपाय की वकालत की।

# पोलियो लगाने गई टीमों पर आतंकी हमले जारी, बंधक तक बनाया गया, पुलिस ने मुठभेड़ में तीन को मार गिराया

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो का टीका लगाने वाली टीम पर हमले जारी हैं। इस हमले के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकियों की मौत हो गई। एक अन्य घटना में इसी क्षेत्र में आतंकियों ने पोलियो टीकाकरण लगाने वाली टीम को बंधक बना लिया। पोलियो टीकाकरण टीम पर यह हमला पाकिस्तान सरकार द्वारा सोमवार को 4.5 करोड़ बच्चों को टीका लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान शुरू करने के एक दिन बाद हुआ।



पहली घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे औरकजई आदिवासी जिले में घटी। यहां पोलियो टीका लगाने वालों पर हमले के दौरान गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में पुलिस ने कम से कम तीन आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि, इस हमले को लेकर अभी तक किसी भी ग्रुप ने दावा नहीं किया है।

**पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो का टीका लगाने वाली टीम पर हमले जारी हैं। इस हमले के दौरान हुई मुठभेड़ में तीन आतंकियों की मौत हो गई।**

दूसरी घटना उत्तरी वजीरिस्तान में घटी, जहां आतंकवादियों ने ममेत कोट डिस्पेंसरी में पोलियो टीका लगाने वालों की पूरी टीम को बंधक बना लिया। आतंकवादियों ने पुलिसकर्मियों के हथियार भी छीन लिए। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो टीकाकरण के लिए अपना तीसरा राष्ट्रव्यापी पोलियो अभियान शुरू किया। दरअसल, पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलियो वायरस पाया गया था। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य देश में पोलियो के प्रसार को रोकना है। इस साल पोलियो के 41 मामले सामने आए हैं। बलूचिस्तान में 21 मामले दर्ज किए गए।

# 'अमेरिका में ऐसे लोग हैं जो वैध आव्रजन प्रतिबंधित करना चाहते', राष्ट्रपति बाइडन की सलाहकार का ट्रंप पर तंज

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति की घरेलू नीति सलाहकार नीरा टंडन ने उन राजनीतिक समूहों की आलोचना की है जो एशियाई देशों और दुनिया के अन्य हिस्सों से वैध प्रवासन को प्रतिबंधित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्वासन की उनकी नीति कई बार उन लोगों और प्रियजनों को प्रभावित करेगी जो कानूनी रूप से अमेरिका में प्रवास कर गए हैं।



### 'कानूनी आव्रजन के मुद्दे पर नेताओं के बीच मतभेद'

टंडन ने कहा, 'मैं बस इतना कहूंगी की आव्रजन के बारे में बहुत बातचीत हो रही है। दोनों लोग, हमारा प्रशासन और अन्य हमारी सीमाओं को सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मगर, कानूनी आव्रजन के मुद्दे पर देश के नेताओं के बीच एक बड़ा मतभेद है। हमारा समुदाय कुछ हद तक इसलिए बढ़ा है क्योंकि इस देश ने कानूनी आव्रजन के विस्तार को महत्वपूर्ण माना है।'

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर साधा निशाना

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'यह एक बड़ा अंतर है। ऐसे लोग हैं जो वैध आव्रजन को प्रतिबंधित करना चाहते हैं, विशेष रूप से एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों से। यह एक ऐसा मुद्दा है जो वास्तव में दांव पर है। मुझे नहीं लगता कि इस बारे में पर्याप्त चर्चा हुई है। जबकि मौजूदा प्रशासन दस्तावेज पाने का सपना देखने वालों के लिए समर्थन बढ़ाने पर केंद्रित रहा है।'

### हमें और काम करने की जरूरत: टंडन

उन्होंने आगे कहा, 'हमें और भी काम करने की जरूरत है। हमें यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि अगर हम सामूहिक निर्वासन के बारे में बात कर रहे हैं।

# ओरेगन-वैंकूवर के बैलेट बॉक्स में आगजनी कई मतपत्र क्षतिग्रस्त, जांच में जुटे अधिकारी

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में ओरेगॉन के पोर्टलैंड क्षेत्र में दो बैलट ड्रॉप बॉक्स में आग लगने की घटनाओं पर संघीय अधिकारी जांच कर रहे हैं। वे इसके साथ वाशिंगटन के नजदीकी वैंकूवर क्षेत्र में दूसरी बार आग लगने की घटनाओं की भी जांच में जुटे हुए हैं। पोर्टलैंड पुलिस ब्यूरो ने बताया कि अधिकारियों ने ओरेगॉन में सोमवार को लगभग 3:30 बजे बैलट ड्रॉप बॉक्स में आग लगने की घटना की जानकारी पाकर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत आग पर काबू पा लिया, लेकिन हादसे में कई बैलट्स (मतपत्र) नष्ट हो गए।




### घटनाओं की जांच जारी

संघीय जांच एजेंसी के प्रवक्ता स्टीव बर्नड ने कहा कि संघीय अधिकारी राज्य और स्थानीय कानून प्रवर्तन की मदद से इन घटनाओं की जांच कर रहे हैं।

मल्टनोमाह काउंटी चुनाव निदेशक टिम स्कॉट ने बताया कि इस हादसे में तीन क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे से लेकर सोमवार तीन बजे के बीच अपने बैलट जमा किए हैं, वे काउंटी चुनाव प्रभाग से संपर्क कर सकते हैं।

स्कॉट ने मतदाताओं को आश्वासन दिया कि भले ही उनके बैलट नष्ट हो गए हो, लेकिन उनके वोट गिने जाएंगे।

### वैंकूवर में बैलट बॉक्स में लगा दी गई आग

वैंकूवर में सोमवार को एक बस स्टेशन के पास बैलट बॉक्स में आग लगा दी गई। विभाग को जलते हुए बैलट बॉक्स के पास एक संदिग्ध उपकरण मिला।

# इस चुनाव में बहुत कुछ दांव पर, राष्ट्रपति बाइडन ने कमला हैरिस को बताया सख्त

**वॉशिगटन ।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को अपने गृह राज्य डेलावेयर में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस दौरान जो बाइडन ने कहा कि इन चुनाव में बहुत कुछ दांव पर है, इसलिए मताधिकार का इस्तेमाल करें। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अभी एक सप्ताह का समय बचा है। जो बाइडन ने प्रारंभिक मतदान प्रक्रिया के दौरान अपना वोट डाला। वोट देने के बाद जो बाइडन ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि उन्हें कमला हैरिस, टिम वाल्ज, लिसा रोचेस्टर और अन्य डेमोक्रेट के लिए अपना मत देने पर गर्व है।



### युवाओं से की मतदान की अपील

जो बाइडन ने डेलावेयर के न्यू कैसल इलाके में स्थित मतदान स्थल पर वोट डाला, जो उनके गृहनगर विलमिंगटन के करीब स्थित है और एक मजबूत डेमोक्रेटिक क्षेत्र माना जाता है। राष्ट्रपति ने पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं का स्वागत किया और उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा मतदाताओं के साथ फोटों भी खिंचवाई। जो बाइडन की पत्नी इस बार उनके साथ नहीं थी। बताया गया कि वह कमला हैरिस के लिए चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं।

अमेरिका में प्रारंभिक मतदान में करीब दो करोड़ लोग पहले ही वोट दे चुके हैं। जुलाई के महीने तक राष्ट्रपति बाइडन ही राष्ट्रपति पद के दावेदार थे, लेकिन बाद में बढ़ती उम्र के चलते उन्होंने कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का एलान किया और खुद राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट गए। अमेरिकी में राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होने वाले हैं, जिसमें उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में वापसी की कोशिशों में जुटे हैं, वहीं उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनकर इतिहास रचने के करीब हैं।

### बाइडन ने बताया कमला हैरिस को ही क्यों चुना

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी डिप्टी और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस की तारीफ करते हुए बताया कि उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनने के उनके पास कई कारण थे। सोमवार को व्हाइट हाउस में दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए बाइडन ने उपराष्ट्रपति हैरिस को 'स्मार्ट, सख्त और भरोसेमंद' नेता कहा। उन्होंने हैरिस के प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर भी तंज कसते हुए कहा, हैरिस 'जिस दूसरे व्यक्ति के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं' उसकी तुलना में अधिक अनुभव है और सबसे अहम बात है कि उनका एक चरित्र है। उन्होंने कहा, 'एक चीज जिससे हम दोनों जुड़े, वह यह थी ।

# बलूचिस्तान में एक बार फिर अपना पैर पसार रहा कांगो वायरस, एक और नए मामले की हुई पुष्टि

**बलूचिस्तान ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर कांगो वायरस अपना पैर पसार रहा है। जहां एक और नए मामले की पुष्टि हुई है। जिससे इस साल मामलों की संख्या बढ़कर 41 हो गई है। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि बलूचिस्तान में कांगो वायरस बुखार की महामारी फैली हो। इससे पहले 80 के दशक के अंत और 90 के दशक के मध्य में दर्जनों लोग इस वायरस से मर चुके थे।



### एनआईएच ने जारी एडवाइजरी

बलूचिस्तान में लगातार कांगो वायरस की बढ़ती संख्या को देख पाकिस्तान के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (ठक्क्ल) ने क्रीमियन-कांगो रक्तस्रावी बुखार (उउल्क्र्) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सलाह जारी की। जिसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) ने जानकारी दी है कि सीसीएचएफ वायरस गंभीर वायरल रक्तस्रावी बुखार के प्रकोप का कारण बनता है और इसके मामले में मृत्यु दर 40 प्रतिशत तक है।

### पशुओं से फैलता है कांगो वायरस

बात अगर इस वायरस के फैलाव की करें तो डब्ल्यूएचओ के अनुसार ये मुख्य रूप से टिक्स और पशुओं से लोगों में फैलता है। इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों के रक्त, स्राव, शारीरिक के अंग के साथ नजदीकी के परिणामस्वरूप या फिर तुरंत बाद संक्रमित पशुओं के खुन के संपर्क के माध्यम से एक दूसरे में फैलता है।

**मवेशी उद्योग के ज्यादातर लोग मिले संक्रमित**

**वहीं जारी रिपोर्ट की माने तो 41 संक्रमित लोगों में अधिकांश मामले मवेशी उद्योग से जुड़े लोगों में हुए हैं। उदाहरण के तौर पर कृषि श्रमिक, बूचड़खाने के कर्मचारी और पशु चिकित्सक। इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ के अनुसार इस वायरस का फैलाव अस्पताल में होने वाले संक्रमण चिकित्सा उपकरणों के अनुचित नसबंदी, सुइयों के दोबारा इस्तेमाल और चिकित्सा आपूर्ति के दूषित होने के कारण भी हो सकते हैं।**

### मवेशी उद्योग के ज्यादातर लोग मिले संक्रमित

वहीं जारी रिपोर्ट की माने तो 41 संक्रमित लोगों में अधिकांश मामले मवेशी उद्योग से जुड़े लोगों में हुए हैं। उदाहरण के तौर पर कृषि श्रमिक, बूचड़खाने के कर्मचारी और पशु चिकित्सक।

इसके साथ ही डब्ल्यूएचओ के अनुसार इस वायरस का फैलाव अस्पताल में होने वाले संक्रमण चिकित्सा उपकरणों के अनुचित नसबंदी, सुइयों के दोबारा इस्तेमाल और चिकित्सा आपूर्ति के दूषित होने के कारण भी हो सकते हैं।

### क्या है लक्षण

इस वायरस के लक्षणों की शुरूआत अचानक होती है। जिसमें बुखार, मांसपेशियों में दर्द, चक्कर आना, गर्दन में दर्द और जकड़न, पीठ दर्द, सिरदर्द और आंखों में दर्द होता है। शुरूआत में मतली, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द और गले में खराश हो सकती है, इसके बाद अचानक मूड में बदलाव और भ्रम हो सकता है।

# वॉशिंगटन पोस्ट के कमला हैरिस को नजरअंदाज किए जाने पर विवाद, अखबार के बचाव में आए बेजोस

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। एक तरफ डेमोक्रेट्स की कमला हैरिस तो दूसरी ओर रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप चुनावी मैदान में हैं। दोनों में कड़ा मुकाबला है और इन्हें समर्थन करने वाले खुलकर सामने आ रहे हैं। इस बीच, राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ा दिलचस्प वाकया सामने आया। खबरों के मुताबिक जेफ बेजोस के अखबार में छपे आलेख में भारतवंशी डेमोक्रेट नेता कमला हैरिस की अनदेखी की गई है। वॉशिंगटन पोस्ट के आलेख में राष्ट्रपति चुनाव प्रत्याशी कमला हैरिस को नजरअंदाज करने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद अब अमेजन के संस्थापक बेजोस ने सफाई दी।



### किसी का समर्थन नहीं करना सही कदम: बेजोस

सोमवार देर रात प्रकाशित एक लेख के माध्यम से वॉशिंगटन पोस्ट के मालिक जेफ बेजोस ने कहा कि किसी भी एक राजनीतिक पक्ष का समर्थन न करना वाशिंगटन पोस्ट के लिए सही कदम है। अखबार को निष्पक्ष रहना चाहिए। अमेजन के संस्थापक ने इसे अधिक स्वतंत्र और वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की ओर एक कदम बताया।

### यह है मामला

दरअसल, वॉशिंगटन पोस्ट के सीईओ विल लुईस ने गुरुवार को एलान किया था की प्रकाशन 1988 के बाद पहली बार राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का समर्थन नहीं करेगा। यह भविष्य के चुनावों के लिए ऐसा करना बंद कर देगा। आंतरिक मामलों की जानकारी रखने वाले अखबार के दो लोगों का हवाला देते हुए एनपीआर की एक रिपोर्ट के अनुसार लुईस के ज्ञापन के जारी होने के बाद 200,000 से अधिक लोगों ने अखबार की सदस्यता रद्द कर दी है।

'चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ता'

बेजोस ने कहा, 'राष्ट्रपति का समर्थन करने से चुनाव के परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पेंसिल्वेनिया में कोई भी मतदाता यह नहीं कहेगा कि मैं अखबार के समर्थन के साथ जा रहा हूं। मगर हां, राष्ट्रपति के समर्थन से वास्तव में पक्षपात की धारणा बनती है। उन्हें समाप्त करना एक सैद्धांतिक फैसला है और यह सही है। 1933 से 1946 तक वाशिंगटन पोस्ट के प्रकाशक यूजीन मेयर ने भी यही सोचा था और वह सही थे।' कोई राजनीतिक फैसला नहीं: अखबार के मालिक अमेजन के संस्थापक ने कहा, 'काश हमने चुनाव और उससे जुड़ी भावनाओं से कुछ समय पहले ही यह बदलाव कर लिया होता।' उन्होंने स्वीकार किया कि समय अपर्याप्त था, लेकिन इस बात से इनकार किया कि यह कोई रणनीतिक निर्णय था ।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती

## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। बताते चलें कि 30 अक्टूबर 2024 को नरक चतुर्दशी तथा 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली का त्योहार होने के दृष्टिगत इस वर्ष दिनांक 29 अक्टूबर 2024 को सरदार पटेल जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने व उक्त अवसर पर देश की एकता एवं अखण्डता के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि 'मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।' कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अंजुम बी., मुख्य कोषाधिकारी पुष्पांजलि, एसीएम निखिल चक्रवर्ती सहित उपस्थित सभी गणमान्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# हापुड़ पहुंचे एडीजी डीके ठाकुर : बोले, शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें



**हापुड़, करंट क्राइम।** मेरठ जोन के एडीजी डीके ठाकुर ने जिले की गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने गंगा नगरी में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। दरअसल, एडीजी ध्रुवकांत ठाकुर गढ़ कोतवाली पहुंचे और उन्होंने नवनिर्मित आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर पुलिस प्रमुखता से काम करे और महिलाओं की शिकायत का तत्काल निस्तारण करें। वहीं उन्होंने कहा थानों में महिला हेल्पलाइन डेस्क पर हर समय महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहे, जिससे शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं की समस्या को सुना जा सके। जिसके बाद उन्होंने गढ़ कोतवाली में अभिलेखों, हवालात, साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया और हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी ली। त्योहारों के मद्देनजर शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन कराया जाए और क्षेत्र में पुलिस टीम संदिग्ध लोगों पर नजर रखे। उन्होंने कहा चोरी, लूट, हत्या, डकैती और अन्य घटनाओं का जल्द से जल्द पदार्फाश किया जाए। इस दौरान उन्होंने पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में पार्किंग स्थलों का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि भारी और सवारी वाहन मेला परिसर में न पहुंचे। इसके अलावा मेला क्षेत्र समेत आसपास में बनने वाले सभी अस्थाई थानों का निर्माण भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सभी स्थानों पर वाच टावर, सीसीटीवी कैमरे, गंगा में बैरिकेडिंग के साथ ही गोताखोरों, रीवर पुलिस और पीएसी की तैनाती का भी निर्देश दिया। इस दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, डीएसपी वरुण मिश्रा, गढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार, मेला प्रभारी मनोज बालियान, नरेश धीमान आदि मौजूद रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लंबे समय से खाली है नदिया पार के पूर्व पार्षद चौधरी साहब का बोर्ड? हमारी आंखें कर रही हैं इस पर किसी नई वाली जिम्मेदारी की पुताई का इंतजार? इंतजार करते-करते हमारी आंखें पथरा गई हैं? मगर इस पर किसी भी जिम्मेदारी के नहीं हो रहे हैं दीदार? कहने वाले ने कहा हमें अंदर से पता चली है बात? पूर्व वाले चौधरी साहब के पक्ष में प्रदेश वाले चौधरी साहब कुछ तो करेंगे साहब? इसलिए बोर्ड को किया हुआ है चौधरी साहब ने होल्ड? जब कुछ मिलेगा तो उस जिम्मेदारी को इस पर लिखवायेंगे बहुत ही बोल्ड?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के त्यागी भगवा कमिश्नर के रोजाना फूटते हैं अपने खास चेहरों के सामने अरमान? वो देते हैं सभी को संदेश, कि मेरा मन बना रहा है जीडीए बोर्ड मैम्बर बनने का प्लान? मगर जब तक नहीं मिलेगा इस मुहिम में मुझे हैवीवेट वालों का आर्शीवाद? तब तक नहीं हो पायेगा मेरा रास्ता साफ? उन्होंने कहा कि गैर निर्वाचित कोटे में भी आवंटित होने हैं दो बोर्ड मैम्बर के पद? मेरा दिल रोज मुझसे कहता है- साडा हक, इत्थे रख?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं कि निगम के बड़े अधिकारी हैं बहुत ही ईमानदार? उनका ये किरदार बन गया है उनकी बहुत बड़ी ढाल? सुना है कुछ दिलजले मैम्बर विकास कार्यों की अनदेखी पर लगातार बना रहे हैं साहब के खिलाफ माहौल? जगह-जगह पर जाकर वो निभा रहे हैं पूरा रोल? दे रहे हैं पार्टी से लेकर शीर्ष वालों तक यही संदेश, कि हमारे क्षेत्र में ध्यान नहीं दे रहा है आपका बिठाया हुआ फेस? कहने वाले ने कहा ईमानदारी पर ये भी नहीं उठा पा रहे हैं कोई सवाल? विकास कार्यों पर तो इतिहास से मोर्चा खुला रहा है? अगर इस मामले पर वो सोच रहे हैं साहब को कुछ कर लेंगे? तो इन मैम्बर्स का है ये गलत फहमी से भरा हुआ ख्याल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के जिन भगवा ठाकुरों ने चुनाव से पहले निकाला था विन सिटी में जुलुस? सुना है अब इनमें से अधिकतर ठाकुर चेहरों के नहीं हो रहे हैं भगवा कमांडर के चुनाव में दीदार? सरदार से लेकर शिशौदिया तक चुनाव में नजर नहीं आ रहे हैं यार? इसके अलावा नहीं दिखाई दे रही है वो वाली फौज? जो ठाकुर बिरादरी वाले जुलुस में दिखाई दे रही थी सरफरोश? कहने वाले ने कहा मामला अगर पार्टी से जुड़ा है? तो फिर क्यों हैं ये रणबांकुरे युद्ध के दौरान खामोश?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको ये बात हूं अंदर की कह रहा? लाईन पार में भगवा कमांडर डालने वाले हैं अब परमानेंट डेरा? पता चला है उन्होंने ले लिया है यहां पर दो मंजिल का मकान? स्पेस इसका 200 गज के आस-पास बताया जा रहा है श्रीमान? प्रताप वाले विहार से आ रही है इसकी लोकेशन? चुनाव जीते तो इसी मकान में रहेंगे? नहीं इस्तेमाल करेंगे ऐसे जैसे मना रहे हो वैकेशन? जल्दी ही हवन की प्रक्रिया का भी भरा जायेगा गागर? पता चला है जिनसे वो ले रहे हैं मकान, वो हैं मिस्टर नागर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जरा अपने वाहन को हापुड़ चुंगी से लेकर नवयुग मार्किट तक घुमाना? अगर पेट्रोल खर्च होने का ज्यादा दर्द ना हो तो फिर विजय नगर भी होकर आना? नजरें गढ़ाकर देखना आप इन स्थानों पर लगे होर्डिंग के नजारे? आप गौर करोगे तो आपको पता चलेगी बड़ी बात? जो खुद को कभी बताते थे साहब का खास? आप देखोगे बदलते हुए दौर में ये चेहरे ऐसे बदले कि साहब का फोटो ही होर्डिंग पर लगाना भूल गये साहब? इसमें एक युवा, एक व्यापारी और एक कर्मचारी नेता के होर्डिंग को जरूर करना नोट? समय बदला तो बदल दी बदलते चेहरों ने सपोर्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर का दिल दरिया है तो मन है समुंदर? हम देख रहे हैं वो कुछ भी नहीं रखते हैं अपने दिल के अंदर? हमने देखा रूठे-रूठे गागर में सागर भरने वाले नागर से फिर कराया उन्होंने अपनी उफनती हुई मोहब्बत का एहसास? जब क्षेत्र में प्रचार को निकले तो पहुंच गये मिस्टर नागर के पास? शायद उन्होंने मौके पर दिया मिस्टर नागर को अपनी मोहब्बत का संदेश? कहा चुनाव आ गये हैं सबकुछ भूलकर मैदान में लाओ अपना फेस? कहने वाले ने कहा मैं डाल रहा था इस मुलाकात के बाद संचालन समिति पर नजर? देखना अब ये है कि इस मुलाकात के बाद मिस्टर नागर कितनी करेंगे कमांडर की फिक्र?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे सपा गठबंधन उम्मीदवार सिंहराज के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर मौजूद? यहां पर हमें नजर आ रहा था कांग्रेस और सपा नेताओं की मौजूदगी का वजूद? हम सपा नेता अभिषेक गर्ग की मौके पर उपस्थिति को देखकर हुए काफी हैरान? टिकट नहीं होने के बावजूद वो मौके पर पूरी शिद्दत से मौजूद थे श्रीमान? खुद से ज्यादा वो अखिलेश जी के आदेशों को दे रहे थे महत्व? वहीं नहीं हो रहे थे यहां पर हमको विशालकाय भैया के दीदार? कांग्रेस वाले गोयल दावेदार भी दूरी बनाते दिखे यार? जो भी हो बड़े दिल का दे दिया अभिषेक भैया ने संदेश? ये संदेश हो गया हमारे दिल के पार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने 14 साल के वनवास की सुनी होगी बात? मगर निगम के अधिकारी ने तो 14 साल एक ही सीट पर तैनात रहकर रच दिया इतिहास? कहने वाले ने कहा ना जाने उनकी इस अंगद वाली तैनाती पर लग गई किसकी नजर? ऑफर ऑल उनका तबादला इधर से कर दिया गया उधर? कहने वाले ने कहा उनके इस तबादले से नदिया पार के कई मैम्बर है खुश? अब उनकी वर्किंग दिखाई दे रही है पहले से ज्यादा चुस्त?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी के 4 महावत हो गए हैं बागी? ऐसा क्या हुआ कि नीले महावतों का हो गया एलीफेंट सवार से मोहभंग? अभी तो आना है चुनाव में रंग? सुना है वो दोनों पहलवान करेंगे बिरादरी के सिंह को सपोर्ट? 2 महावत लायेंगे इलेक्शन में रिश्तेदारी कनेक्शन? किसके साथ रहना है वो कर चुके हैं इस बात का अपने दिल में सिलेक्शन?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने सफाई कर्मचारियों के साथ मनाई दीपावली



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मंगलवार को अपने निवास पर ही सफाई कर्मचारियों के साथ दीपावली मनाई। इस मौके पर वार्ड 39 के सभी सफाई कर्मचारी, माली आदि उपस्थित रहे। दीपावली के मौके पर उनका मुंह मीठा करा करशुभकामनाएं दीं।

हिमांशु लव के साथ उनकी धर्मपत्नी आंचल, पुत्र मनु वशिष्ठ, पौत्र अगस्त और मौहल्ले के सभी निवासी गण मौजूद रहे। यह कार्यक्रम हिमांशु लव जब निगम पार्षद थे तभी से लगातार इसी तरह मनाते आ रहे हैं। हिमांशु लव ने कहा कि प्रभु ऐसी शक्ति दिए रखे कि मैं इन सफाई कर्मचारियों का मान- सम्मान करता रहूं।

# 'पहले मतदान उसके बाद जलपान'

## उपचुनाव प्रत्याशी संजीव शर्मा का पटका पहनाकर किया स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा, लोक दल के संयुक्त प्रत्याशी संजीव शर्मा के समर्थन में गाजियाबाद विधानसभा के वार्ड 12 जटवाड़ा गाजियाबाद पर संजीव शर्मा का पटका व माला पहनाकर स्वागत किया गया। जाट समाज ने अपना पूर्ण समर्थन भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा को देने का संकल्प लिया तथा आगामी 13 नवंबर को भारी संख्या में मतदान करके संजीव शर्मा को जीताकर विधानसभा में भेजने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर भाजपा विधायक प्रत्याशी संजीव शर्मा ने सभी का धन्यवाद करते हुए मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने का निवेदन किया तथा पहले मतदान बाद में जलपान करने का प्रण याद दिलाया। कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक भारतीय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय चौधरी अनूप सिंह की सुपुत्र सुशील अनूप सिंह ने अपने परिजनों चौधरी राजपाल सिंह, चौधरी अजब सिंह, चौधरी वेदपाल सिंह, चौधरी जगबीर सिंह, चौधरी विजेंद्र सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, चौधरी विजेंद्र सिंह, चौधरी सुनील कुमार, चौधरी वीरेंद्र सिंह, चौधरी जितेंद्र सिंह, चौधरी धीरेंद्र सिंह, चौधरी तेजपाल सिंह, विनय चौधरी, विपुल चौधरी, सौरभ यादव आदित्य चौधरी, मुकुल चौधरी, विशेष चौधरी, वीरेंद्र कंडेरे, अनिल मेहरा, जितेंद्र त्यागी, अरुण कुमार पप्पू, राजीव चौधरी राजू, प्रवीण चौधरी, चौधरी सतपाल सिंह, चौधरी राजवीर सिंह, सुशील चौधरी सभी ने संजीव शर्मा का स्वागत करते हुए जोरदार नारा लगाते हुए भाजपा लोकदल प्रत्याशी संजीव शर्मा को गाजियाबाद विधानसभा से भारी मतों में जीताने का वादा किया।

# धनतेरस पर लोगों ने शारदा ज्वैलर्स पर जताया भरोसा, जमकर खरीदारी की





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देशभर में मंगलवार को धनतेरस का त्योहार मनाया गया। आज के दिन नए बर्तन, सोना चांदी के आभूषण खरीदना शुभ माना जाता है। इस बार सर्राफा बाजार में सोना-चांदी में भारी उछाल का असर आभूषणों की दुकानों पर दिखने लगा। बाजार में सोने के दाम में उछाल होने के चलते आभूषणों की जगह हल्के आभूषणों की मांग ज्यादा रही। हिंडन पार सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष व शारदा ज्वैलर्स मोहन नगर के एमडी नकुल वर्मा ने बताया कि धनतेरस, दीवाली के अवसर पर गाजियाबाद के बाजारों में खासकर सर्राफा बाजार में काफी भीड़ देखी गई। इस वर्ष सोने के भाव में अभूतपूर्व महंगाई की वजह से खरीदारों में हल्की ज्वैलरी की मांग ज्यादा रही। हीरे के हल्के आभूषणों की मांग रही। वहीं धनतेरस पर हल्की तथा छोटी ज्वैलरी जैसे कि अंगूठी, टॉप्स आदि की डिमांड ज्यादा रही, लेकिन लोगों ने भरपूर खरीदारी की।

धनतेरस के शुभ अवसर पर चांदी के सिक्कों तथा बर्तनों की खरीदारी का महत्व माना जाता है। हिंडन पार के ग्राहकों ने इस अवसर पर जमकर खरीदारी की और शुभ मुहूर्त का लाभ उठाया।

करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से एक शिष्टाचार भेंट की। विधायक अजीत पाल त्यागी ने राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

## आईटीडब्ल्यूए मनाएगी अनोखी दीपावली : महेश आहूजा

# भूले-बिसरे सनातनी परिवारों के साथ मनेगा दीपोत्सव : एसपी त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस बार देश दुनिया का प्रमुख त्योहार दीपोत्सव प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अनोखे तरीके से मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत संगठन आज भूले-बिसरे सनातनी परिवारों को चिन्हित करके उनके साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम मनाएगा। जैसा कि सर्वविदित है हमारे अन्य पराक्रमी साहसी परमवीर हिंदू हृदय सम्राट एवं महाराणा प्रताप के वंशज अपने पूर्वजों की शपथ की मर्यादा हेतु आज संपूर्ण राष्ट्र में घुमंतू जीवनयापन कर रहे हैं। हम सभी व्यापारी उद्यमी सनातनियों का यह परम कर्तव्य है कि ऐसे राष्ट्रभक्त वीरों को राष्ट्र की मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन को सुगमता हेतु हम सब सनातनी कुछ उनका सहयोग करें और उन्हें अपने मित्रवत व्यवहार से समाज का हिस्सा बनाएं। इसी संदर्भ में हम सभी व्यापारी उद्यमी बंधुओं ने मेवाड़ के इन वीर सपूतों के साथ इस दीपोत्सव महापर्व को एक साथ मनाने का निश्चय किया है। इसी कड़ी में कल अपराह्न 3:00 बजे से गुलधार रैपिड स्टेशन दिल्ली मेरठ रोड व अन्य सभी स्थानों पर जहां इन घुमंतुओं की झुग्गी-झोपड़ी पड़ी हुई हैं, वहां दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस अवसर पर इटवा संगठन से जुड़े अधिकारी एवं साथी गण उपस्थित रहेंगे।

चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Ravindra Tyagi
2h ·
मित्रो आज जिस शख़्सियत से मिला वो हमारे Ghaziabad में income tax कमिश्नर रहे और उनकी पत्नी shrimati सीमा राज जी आज DG income tax India हैं उनके निवासपर जाना हुआ , मुलाक़ात में बहुत ही आत्मीयता का अनुभव रहा ऐसे हमारे बड़े भाई पूर्व सांसद Dr. Udit Raj जी बीजेपी से एमपी रहे . आप अबकांग्रेस में है व राष्ट्रीय प्रवक्ता है बहुत अच्छा इनसे मिलकर लगा और दिवाली की शुभकामनाएं दी .
शुभ दीपावली आ सभी को



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविंद्र त्यागी ने अपने पुराने साथी पूर्व सांसद तथा आयकर आयुक्त रहे उदित राज से मुलाकात की। पुरानी यादें ताजा हुई और इस मुलाकात को रवींद्र त्यागी ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।